दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। सोमवार 09 सितम्बर -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 330 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







कश्मीर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की दो टूक

# पाक से आतंकवाद बंद होने के बाद ही बातचीत

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को जम्मू कश्मीर के बनिहाल में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे। उन्होंने आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान पर हमला किया और कहा कि भारत कभी आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान जम्मू कश्मीर में आतंकवाद पर लगाम लगाए तो भारत उसके साथ बातचीत करने के लिए तैयार है।



राजनाथ सिंह ने यह बात रामबन जिले के एक चुनावी रैली में कही, जहां वे बीजेपी उम्मीदवार मोहम्मद सलीम भट के लिए प्रचार करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का उद्देश्य जम्मू-कश्मीर के लोगों की पीड़ा को समाप्त करना और क्षेत्र को संपन्न बनाना था।

राजनाथ सिंह ने कहा, हम किसी भी हालत में आतंकवादी गतिविधियों को स्वीकार नहीं करेंगे। कुछ लोग पाकिस्तान के साथ बातचीत की बात करते हैं। मैं कहता हूं कि पाकिस्तान एक काम करे, आतंकवाद का सहारा लेना बंद करे। कौन नहीं चाहेगा कि हमारे पड़ोसी देशों के साथ हमारे संबंध बेहतर हों? हम बेहतर संबंध बनाना चाहते हैं, लेकिन पहले उन्हें आतंकवाद बंद करना चाहिए। उसके बाद हम बात करेंगे...रक्षा मंत्री ने कहा, पाकिस्तान एक काम करे, वो है आतंकवाद का समर्थन बंद करना। कौन नहीं चाहेगा कि पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते बेहतर हों? लेकिन सबसे पहले उन्हें आतंकवाद बंद करना होगा।

# इन्दिरापुरम हैंडओवर जंग में आ गया केसरिया अलगाव का रंग
## अलग-अलग चल रहे भाजपा पार्षद नहीं हैं एक-दूजे के संग







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आखिरकार 22 सालों से चल रही एक जंग का निर्णायक अंत हुआ और इन्दिरापुरम अब नगर निगम गाजियाबाद का अंग हुआ। इन्दिरापुरम हैंडओवर की लड़ाई यहां के 7 पार्षद लड़ रहे थे और जब इन्दिरापुरम हैंडओवर हुआ तो ये माना गया कि इस जंग का भी गेमओवर हुआ और अब विकास की बयार बहेगी। इन्दिरापुरम की आवाज यहां के सातों पार्षद मिल कर उठायेंगे। लेकिन यहां तो फूल वाले खेमें में ही पहले दिन से राहे अलग हो गई। भाजपा के पार्षद ही इस उपलब्धि को लेकर एक दूसरे से अलग अलग चलने लगे। तस्वीरें बता रही हैं कि यहां कहानी वार्ड 100 से शुरू हुई और भाजपा के 5 पार्षद अलग हो गये। नगर निगम हैंडओवर के साथ ही यहां राहें अलग हुईं। तस्वीरों से पता चल रहा है कि मेयर को बधाई से लेकर कैबिनेट की बधाई तक भाजपा के पार्षद साथ नहीं है। यहां एक पार्षद अलग चह रहा है चार पार्षद अलग चल रहे हैं। सीन फूलों से लेकर मिठाई तक जुदाई का चल रहा है। बताया जाता है कि जब नगर निगम को वार्ड हैंडओवर हुए तो अगले दिन मेयर के यहां वार्ड 100 के पार्षद संजय सिंह अकेले ही फूल लेकर पहुंचे और जब कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के यहां पार्षद पहुंचे तो यहां चार पार्षद एक साथ गये और वार्ड 100 के पार्षद संजय सिंह बाद में पहुंचे। अलग-अलग राहें क्यों हैं अलग-अलग माहौल क्यों है जब एकजुट होकर भाजपा की उपलब्धि बताना है तब भाजपा के पार्षद ही अलग-अलग चल रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम ने भाजपा के पार्षदो से बात की यहां सबने कहीं ना कहीं ये तो माना कि संबंधो में खटास है लेकिन बात के अंत में कहा कि ऐसा कुछ नहीं है और हम सब एक साथ हैं।

### अलग अलग जाना तो इत्तेफाक है और हम सब एक साथ हैं : संजय सिंह



करंट क्राइम। वार्ड 100 से पार्षद संजय सिंह इन्दिरापुरम हैंडओवर की लडाई का प्रमुख चेहरा रहे हैं लेकिन वो मेरठ अकेले गये। मेयर के यहां अकेले गये और कैबिनेट मंत्री के यहां अकेले गये। एकता की बेला में ये अकेले जाने का खेला क्यों हो रहा है। इस सवाल पर संजय सिंह ने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है और ये इत्तेफाक हो सकता है कि कभी मैं पहले पहुंचा या कभी वो पहले पहुंचे। हालांकि उन्होंने ये माना कि थोड़ी नाराजगी है और साया गोल्ड सोसाइटी को लेकर पार्षद प्रीति जैन और पूर्व पार्षद अभिनव जैन से मतभेद है लेकिन हम सब एक साथ हैं।

### ताल-मेल की दिक्कत, वैसे हम चारों का मन एक साथ : डॉ. अनिल तोमर



करंट क्राइम। वार्ड 98 के पार्षद अनिल तोमर ने बधाई वाले फूलों को लेकर कहा कि थोडा तालमेल की दिक्कत है और इस समय हम चार लोगों का मन एकसाथ है। उन्होंने कहा कि पूर्व पार्षद अभिवन जैन, पार्षद धीरज अग्रवाल, पार्षद अनिल तोमर और पार्षद हरीश कडाकोटी एक साथ है। वैसे पार्षद राधेश्याम और पार्षद अनुज भी हमारे साथ है।

### मेरठ खुद पहुंच गये संजय सिंह और मेयर के यहां भी हमसे पहले बैठे मिले : हरीश कडाकोटी



करंट क्राइम। वार्ड 79 के पार्षद हरीश कडाकोटी का कहना है कि जिस दिन इन्दिरापुरम हैंडओवर की घोषणा हुई। उसी दिन संजय सिंह हम में से किसी को सूचना दिये बिना मेरठ पहुंच गये और वहां अधिकारियों को बधाई दी। वो सबको एकसाथ भी ले जा सकते थे लेकिन हमें कोई जानकारी नहीं हुई और ये मेरठ में अधिकारियों का धन्यवाद कर रहे थे। जब हम चारों पार्षद मेयर के यहां गये तो वहां भी ये हमसे पहले बैठे मिले। कैबिनेट मंत्री के यहां भी ये हमारे साथ नहीं गये। लेकिन इन बातों से कोई विवाद की स्थिति नहीं है। हम सब एक हैं और एक घर में थोडा बहुत ऐसा हो जाता है।

### संजय सिंह लेते थे क्रेडिट तो हमने उन्हें इसलिए छोड़ दिया : धीरज अग्रवाल



करंट क्राइम। पार्षद धीरज अग्रवाल ने अलग अलग राहों के सवाल पर कहा कि एक साथ होने के लिए साथ आना पड़ता है। जब हैंडओवर की जंग हो रही थी तब भी संजय सिंह यही कहते थे यह मैंने कराया है और हैंडओवर होते ही उन्होंने उसका क्रेडिट लेने की दौड़ मेरठ तक लगायी। उपलब्धि सरकार की है सफलता सरकार की है लेकिन अगर संजय सिंह ने ही ये हैंडओवर कराया है तो फिर हमने उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया और हम चार एकसाथ हैं। लेकिन विवाद जैसी कोई बात नहीं है और ये मुद्दे समय के साथ सुलझ जाते हैं।

### नहीं है केडिट की कोई फांस, आगे पीछे पहुंचना बाईचांस : अभिनव जैन



करंट क्राइम। पार्षद अभिनव जैन ने कहा कि मतभेद जैसी कोई बात नहीं है। बधाई में आगे पीछे पहुंचना बाईचासं हो सकता है। सभी पार्षद व्यस्त है और सभी पार्षद अपने क्षेत्र के नेता है। क्रेडिट को लेकर कोई फांस नहीं है ये बाईचांस है कभी वो पहले पहुंचे तो कभी हम पहले पहुंचे।

# सिटी में 18 टू- स्टार के बदले गए प्लेस
## कई के बदले गए फेस

**कई प्रमुख चौकी पर भेजे गए दरोगा**

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** आखिरकार लंबे समय से होल्ड चल रही सिटी की लिस्ट जारी कर दी गई है। शनिवार की रात आई पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिटी जोन की लिस्ट में 18 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। कई के फेस बदले गए हैं तो कई के प्लेस में भी बदलाव किया गया है। डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार कि इस तबादला लिस्ट में उप निरीक्षक यतेंद्र कुमार को पीआरओ नगर उपायुक्त पुलिस जोन बनाया गया है। तो मोहित कुमार को हल्का प्रभारी सेक्टर-03 राज नगर कवि नगर थाना बनाया गया है।




मानवेंद्र सिंह जो पूर्व पीआरओ थे वह चौकी प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र कवि नगर बनाए गए हैं। उप निरीक्षक बटुकेश्वर को थाना नंदग्राम भेजा गया है। तो महिला उप निरीक्षक मंजू सिंह थाना मधुबन बापूधाम भेजी गई हैं। उप निरीक्षक हरिओम वर्मा थाना नंदग्राम भेजे गए हैं। तो संजीव कुमार को चौकी प्रभारी घंटाघर थाना कोतवाली बनाया गया है। उपरीक्षक कुलवंत सिंह चौकी प्रभारी मोरटा थाना नंदग्राम बनाए गए हैं। तो सचिन कुमार चौकी प्रभारी कैलाभट्टा थाना कोतवाली पर भेजे गए हैं। उपनिरीक्षक श्यामवीर को चौकी प्रभारी नवयुग मार्केट थाना कोतवाली बनाया गया है। बृजेश कुमार को हल्का प्रभारी नंदग्राम थाना नंदग्राम में भेजा गया है। रवि राजकुमार सिंह को चौकी प्रभारी कवि नगर थाना बनाया गया है। सचिन कटारिया को चौकी प्रभारी सेक्टर-23 मधुबन बापूधाम बनाया गया है। सुरेश कुमार को चौकी प्रभारी दयानंद नगर थाना सिहानी गेट बनाया गया है। यतेंद्र कुमार को चौकी प्रभारी प्रताप विहार थाना विजय नगर भेजा गया है। अविनेश कुमार को चौकी प्रभारी गोविंदपुरम बनाया गया है। तो शिशुपाल सोलंकी थाना विजयनगर और सचिन कुमार चौकी प्रभारी वर्धमानपुरम थाना मधुबन बापूधाम बनाए गए हैं।

# पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट समाजवादी नहीं देंगे धरना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कवि नगर थानाक्षेत्र में 13 महीने की बच्ची के चोरी प्रकरण में पिता पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट हैं, इसलिए समाजवादी पार्टी के नेताओं ने धरना-प्रदर्शन स्थगित कर दिया है। समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष पंडित जीतू शर्मा ने जानकारी दी है कि इस मामले में बच्ची के पिता से संपर्क किया था और मदद की गुहा लगाई थी। जिसके बाद जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन व महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव सहित तमाम पार्टी पदाधिकारी एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव से मिले थे। मामले को गंभीरता से लेने और बच्ची बरामद की बात की थी। एसीपी कवि नगर ने

### जारी किया पत्र और स्थगित हुआ आमरण अनशन



आश्वासन दिया की कार्रवाई और जांच चल रही है। जल्द ही बच्ची बरामद करेंगे। जिसके उपरांत समाजवादी नेताओं ने अपना धरना, प्रदर्शन और आमरण अनशन की चेतावनी वाला कार्यक्रम स्थगित कर दिया है।

जानकारी मिली है कि समाजवादी पार्टी के नेताओं ने एसीपी कवि नगर से इस मामले में दो बार मुलाकात की। उन्होंने परिवार से की गई अभी तक की बातचीत और पुलिस की ओर से किया जा रहे प्रयासों से समाजवादी पार्टी के नेताओं को अवगत कराया था। जिसके बाद समाजवादी पार्टी के नेताओं और पंडित जीतू शर्मा जिलाध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा द्वारा अपना आमरण अनशन कार्यक्रम स्थापित कर दिया गया है, यह जानकारी उन्होंने पत्र जारी कर दी है।

# जानलेवा हुई गाजियाबाद की सड़कें, तीन दिन में गई सात लोगों की जान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में सड़कें जानलेवा होती जा रही हैं। बीते तीन दिन के दौरान सिटी और देहात थानाक्षेत्र के अंतर्गत चार अलग-अलग हादसों में दर्दनाक मौत हुई हैं।




इन मौत में एक के बाद एक कई लोगों की जान गई है। जिस तरीके से बीते तीन दिनों में सात लोगों की पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में मौत हुई है, उससे सवाल उठ रहा है कि क्या गाजियाबाद की सड़कें जानलेवा हो गई हैं। हालांकि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लगातार यातायात व्यवस्था में सुधार और सड़क हादसों में कमी लाने के लिए बैठकें और प्लान बनाए जाते हैं लेकिन इन सबके बावजूद भी मौत की आंकड़े में कमी नहीं आ पा रही है। रविवार को विजयनगर थानाक्षेत्र में स्कूटी सवार दो लोगों की मौत हो गई। तो वहीं मसूरी थानाक्षेत्र के अंतर्गत एक कैंटर की चपेट में आने से दो लोगों ने जान गवाई है। इसके साथ ही कवि नगर थानाक्षेत्र में रोड एक्सीडेंट में घायल हुए व्यक्ति की मौत हो गई। तो थाना सिहानी गेट क्षेत्र में भी सड़क हादसे ई-रिक्शा हादसे में दो लोगों की बीते दिनों मौत हुई थी। इसके साथ ही मसूरी इलाके में चाची-भतीजी ने जान गंवाई थीं।

### पुलिस की कार्रवाई का भी नहीं दिख रहा असर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में बीते दिनों जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में शहर के डार्क स्पॉट बढ़ाने के आदेश दिए गए थे, तो वहीं सड़क पर हादसों को रोकने के लिए संबंधित विभागों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। साथ ही सड़कों पर हो रहे गड्ढों को भी भरने को लेकर अधिकारियों ने एक्शन प्लान बनाने को कहा था। इन सबके बावजूद लगातार सड़क हादसों में इजाफा हो रहा है और लोग अपनी जान गंवा रहे हैं।

## सड़क हादसों में रविवार को पांच लोगों की हुई दर्दनाक मौत



करंट क्राइम : विजय नगर थानाक्षेत्र में रविवार को बस की टक्कर लगने से एनएच-09 विजय नगर थानाक्षेत्र पिंक बूथ के निकट सुशील 35 और उसके साथ अजय 36 की स्कूटी डिस बैलेंस हो गई और बस की चपेट में आ गई। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। उधर बस चालक फरार हो गया है। विजयनगर पुलिस आरोपी बस चालक की तलाश कर रही है। वहीं मसूरी थानाक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हवा हवाई रेस्टोरेंट के निकट कैंटर की चपेट में आने से सुनील और सचिन नाम के युवक हादसे का शिकार हो गए। इस हादसे में दोनों युवक की मौत हो गई। वहीं कवि नगर थानाक्षेत्र में शनिवार की देर रात सड़क हादसे का शिकार हुए दलजीत नाम के व्यक्ति की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं परिजनों की ओर से कवि नगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

बता दें कि बीते दिनों मसूरी थानाक्षेत्र में चाचा-भतीजी की मौत हुई, तो वहीं सिहानी गेट थानाक्षेत्र में चाचा भतीजे ई-रिक्शा हादसे में मौत का शिकार हुए थे। इसमें रिंकू और सक्षम की जान गई थी।

> “सड़क हादसों में कमी लाने के लिए लगातार अभियान और ई-रिक्शा को बंद करने का काम किया जा रहा है। कई जगह रिफ्लेक्टर और लाइटें भी लगाने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> 
>
> पीयूष सिंह, एडीसीपी ट्रैफिक पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद

# हो रही हैं बड़ी-बड़ी बैठकें और बनते हैं प्लान

### प्रमुख ब्लैक स्पॉट और कारण

1. दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर रेस्ट एरिया के सामने रखे हवाई जहाज को देखने के दौरान वाहनों चालकों का ध्यान भटकने से हादसा होना। यहां एक साल में पांच हादसे हुए हैं। यहां पर व्यू कटर, दुर्घटना संभावित क्षेत्र का साइनेज बोर्ड, नो पार्किंग का बोर्ड और प्रकाश की व्यवस्था कराना जरूरी है।
2. सुंदरदीप कॉलेज के सामने हाईवे पर डिवाइडर पर ग्रिल न होने के कारण सड़क पार करने के दौरान दुर्घटनाएं होती हैं। यहां एक साल में दो हादसे हो चुके हैं। यहां ग्रिल लगाया जाना जरूरी है।
3. तिगरी कट के पास अलग-अलग दिशा से वाहनों के आने व जाने के कारण हादसे हो रहे हैं। यहां एक साल में छह हादसे हो चुके हैं। यहां सर्विस रोड के बने कट को बंद करके मुख्य मार्ग पर यातायात को नियंत्रित करके और टेबल टॉप ब्रेकर बनाने से हादसे रोके जा सकते हैं।
4. लालकुआं के पास हाईवे पर वाहन खड़ा करके सवारी भरने, एक्सप्रेसवे पार करने के दौरान और बाजार होने व भारी वाहनों का संचालन होने से हादसे हो रहे हैं। यहां नौ हादसे हो चुके हैं। यहां पर एक्सप्रेसवे पर दोनों ओर ग्रिल लगाकर, नो पार्किंग बोर्ड लगाकर और जीटी रोड से अतिक्रमण हटवाकर हादसे रोके जा सकते हैं।
5. हिंडन नदी के पास यू टर्न न होने कारण हादसे हो रहे हैं। यहां तीन हादसे हो चुके हैं। यहां पर स्पीड लिमिट, दुर्घटना संभावित क्षेत्र का साइनेज बोर्ड लगाकर और यातायात लाइट ब्लिंकर लगाकर हादसे रोके जा सकते हैं।

### ये बनाए गए ब्लैक स्पॉट

**दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे**


1.भोजपुर कट से अमराला गांव तक

2.रेस्ट एरिया (हवा-हवाई रेस्तरां) के सामने

----

**एनएच-09 :** सुंदरदीप कॉलेज के सामने,

**खोड़ा/गौर ग्रीन :** आईपीईएम कॉलेज के पास, तिगरी कट के पास, एबीईएस कॉलेज के पास, लालकुआं के पास, महादेव चौक, वेव सिटी के पास, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे कपड़ा मार्केट डासना, दुहाई कट, आरआरटीएस यार्ड के सामने, ग्राम रेवड़ा-रेवड़ी, एनएच-58(मेरठ रोड) निवाड़ी रोड राजचौपला, मनौटा से एचएलएम तक,मोरटा, नेक्सा कार शोरूम के पास, हिंडन नदी, साहिबाबाद रेलवे स्टेशन मोड़, आरडीसी राजननगर, लिंकरोड (यूपी गेट से मोहननगर तक) पर डाबर तिराहा, थाना लिंकरोड कट से क्लब-5 तक, एनएच-709बी, डीएलएफ अंकुर विहार के सामने (बागपत रोड) एवं ग्रीन गार्डन रिसोर्ट के सामने।



# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगेश एनकाउंटर पर किया पलटवार

# कहा- ग्राहकों पर चल सकती थी गोली, उनमें कोई यादव भी हो सकता था

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि सीएम योगी ने कहा कि सपा सरकार में गुंडों की पूरी फौज थी, सपा के लोग उन्हें अपना शागिर्द मानते थे। जितना बड़ा गुंडा होता है, सपा में उतना बड़ा ओहदा मिलता है सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अंबेडकरनगर में कहा कि सत्ता में आने के लिए सपा षड्यंत्र रच रही है। जाति के नाम पर लोगों को बांटने की कोशिश हो रही है। सीएम बोले कि सपा सरकार में जो जितना बड़ा गुंडा होता था उसको उतना बड़ा ओहदा मिलता था

सीएम हीड़ी पकड़िया में 12 अरब 31 करोड़ रुपए से जुड़ी परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम विकास, सुरक्षा और खुशहाली ला रहे जबकि सपा और कांग्रेस को सिर्फ माफियाओं की फिक्र रहती है। सपा के राज में माफियाओं की जिले जिले में समानांतर सरकार चलती थी। पहले माफिया त्योहार नहीं होने देते थे। अब माफियाओं की छुट्टी हो गई है।

योगी ने सपा प्रमुख का नाम लिए बिना कहा कि सत्ता विरासत में मिल सकती है लेकिन बुद्धि नहीं। सीएम ने सुल्तानपुर डकैती में एक बदमाश के मारे जाने को लेकर सपा प्रमुख की आपत्ति पर उन्हें निशाने पर रखा। बोले कि असलहा लहरा कर डकैती डाल रहे बदमाश ने यदि किसी ग्राहक को गोली मार दी होती तब क्या होता। उस ग्राहक में कोई यादव भी हो सकता था। लगभग 40 मिनट के भाषण में सीएम ज्यादातर समय सपा और कांग्रेस पर ही हमलावर रहे। उन्होंने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कटेहरी बाजार में बाईपास निर्माण और सुरहुरपुर में सुहेलदेव स्मृति में स्मारक निर्माण की घोषणा भी की।



### सपा शासन में पुलिस भागती थी और गुंडे दौड़ाते थे

सीएम योगी ने कहा कि सपा सरकार में गुंडों की पूरी फौज थी, सपा के लोग उन्हें अपना शागिर्द मानते थे। जितना बड़ा गुंडा होता है, सपा में उतना बड़ा ओहदा मिलता है। सपा के लोगों को इसी में गौरव की अनुभूति होती है। सपा की सरकार में पुलिस भागती थी और गुंडे माफिया दौड़ाते थे। आज उल्टा हो गया है। माफिया भाग रहा है, पुलिस दौड़ा रही है। सुल्तानपुर एनकाउंटर पर इशारों-इशारों में उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में जब कोई डकैत मारा जाता है तो सपा के लोग तिलमिला जाते हैं। लगता है जैसे उनकी दुखती नस पर हाथ रख दिया गया है। पुलिस मुठभेड़ में डकैत के मारे जाने का सपा को बुरा लग रहा है।

### बेटियों से अन्याय करने वाले सपा के नेता

सीएम योगी ने कहा कि एक बेटी, सबकी बेटी है। उसके सम्मान और रक्षा का दायित्व पूरे समाज का होता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में निषाद बेटी के साथ सपा के नेता ने क्या किया, किसी से छुपा हुआ नहीं है। निषाद बेटी की इज्जत के साथ खिलवाड़ करने वाले आरोपी का सपा के लोग बचाव कर रहे हैं। कन्नौज में नाबालिग बेटी के साथ अन्याय करने वाला भी सपा का नेता है। उसको भी ये लोग बचाने की कोशिश कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि सपा सरकार में दबंगई के बल पर गुंडे एवं माफिया गरीब और व्यापारी की जमीन पर कब्जा करते थे, लेकिन हमारी सरकार माफिया और गुंडों से जमीन जब्त कर गरीबों में बांटने का कार्य कर रही है।

### जाति के नाम पर लड़वाएंगे सपा व कांग्रेस के लोग

सीएम योगी ने कहा कि बेटी और व्यापारी सुरक्षा पर खतरा पैदा करने वाले लोग गायब हो गए हैं, जो माफिया बचे हैं वो अंतिम यात्रा की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कानून को हाथ में लेने का अगर कोई दुस्साहस करेगा तो उसका काम तमाम करने कार्य डबल इंजन की सरकार करेगी। सीएम योगी ने कहा कि जाति की राजनीति करने वाले लोग आम नागरिक की सुरक्षा में सेंध लगाना चाह रहे हैं। इन्हें जब भी सत्ता मिली, तुष्टिकरण किया और अराजकता फैलाई। पर्व और त्योहार के दौरान दंगा कराया। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस के लोग जाति के नाम पर लड़वाने का कार्य करेंगे। यह हम सबके एकजुट होने और विकास की प्रक्रिया से जुड़ने का समय है।

### टांडा में हिंदू जागरण मंच के अध्यक्ष की हुई थी हत्या, लेकिन सुनवाई नहीं हुई

सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश के हर जिले में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस द्वारा पोषित माफिया की समानांतर सरकारें चलती थीं। हिंदू जागरण मंच के अध्यक्ष की टांडा में हत्या होती है और कोई सुनवाई नहीं होती है। 2017 के बाद उत्तर प्रदेश माफिया मुक्त बन गया है। उन्होंने कहा कि विकास और लोककल्याण से सपा-कांग्रेस का कोई लेना देना नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का मानचित्र हम सबके सामने रखा है। इसके लिए उन्होंने 25 वर्ष की व्यापक कार्ययोजना भी रखी है। इसके अन्तर्गत डबल इंजन की सरकार हर हाथ को काम और हर खेत को पानी के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

### अगर आम जनता को छुआ तो पुलिस की लाठी ठीक कर देगी

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का बनना देश की बहुसंख्यक आस्था की आवश्यकता की पूर्ति थी। उन्होंने कहा कि आज 15 करोड़ लोगों को उत्तर प्रदेश में राशन की सुविधा का लाभ मिल रहा है। 56 लाख गरीबों को मकान मिला है। 10 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है। प्रदेश के दो करोड़ युवाओं को टैबलेट और स्मार्टफोन दे रहे हैं। हम जाति, मत, मजहब और चेहरा देखकर योजना नहीं चलाते हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के युवा अपना उद्योग लगाएं हमारी सरकार पहले चरण में पांच लाख तो दूसरे चरण में 10 लाख रुपये का ब्याज मुक्त लोन दे रही है। उन्होंने कहा कि सपा के लोगों को जब कभी अवसर मिलता है तो आपस में उलझ पड़ते हैं, क्योंकि इन्हें पता है कि आम जनता को अगर छुआ तो पुलिस की लाठी उन्हें ठीक कर देगी।



### राहुल ने कहा उड़ रही हैं कानून की धज्जियां

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लिखा कि भाजपा शासित राज्यों में ह्यकानून और संविधानह्व की धज्जियां वही उड़ा रहे हैं, जिनपर उनका पालन कराने की ज़िम्मेदारी है। एसटीएफ जैसी प्रोफेशनल फोर्स को भाजपा सरकार में ह्यआपराधिक गिरोहह्व की तरह चलाया जा रहा है, जिस पर केंद्र सरकार की चुप्पी इस ह्यठोको नीतिह्व पर उनकी स्पष्ट सहमति है। यूपी एसटीएफ के दर्जनों एनकाउंटर सवालों के घेरे में हैं। क्या आज तक उनमें से किसी भी अधिकारी पर कोई कार्रवाई हुई? आखिर कौन उन्हें बचा रहा है और क्यों? उन्होंने आगे लिखा कि कैमरों के आगे संविधान को माथे से लगाना सिर्फ ढोंग है, जब आपकी सरकारें ही उसकी खुलेआम धज्जियां उड़ा रही हों। उत्तरप्रदेश में हुए सभी संदिग्ध एनकाउण्टर्स की निष्पक्ष जांच कर इंसाफ किया जाना चाहिए। वर्दी पर लगी खून की छींटें साफ होनी चाहिए।

### अखिलेश ने कहा इमेज हो रही है खराब



सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि फर्जी एनकाउंटरों की वजह से उत्तर प्रदेश की देश-दुनिया में बदनामी हो रही है। पुलिस हिरासत में मौतों के मामलों में भी उत्तर प्रदेश सबसे आगे हैं और उत्तर प्रदेश का नाम बदनाम हो रहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी भाजपा सरकार में सुखी नहीं है। व्यापारी और दुकानदार लूटे जा रहे हैं। दिनदहाड़े हत्याएं हो रही हैं। अखिलेश यादव शनिवार को प्रदेश सपा मुख्यालय पर झांसी और ललितपुर के पार्टी कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार निदोर्षों को झूठे केसों में फंसाती है। लोकसभा चुनावों में पराजय के बाद भी भाजपा कुप्रचार करने से बाज नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि पीडीए के माध्यम से सामाजिक न्याय की लड़ाई को भी अंतिम परिणाम तक पहुंचाने का लक्ष्य है। भाजपा लोकतंत्र और संविधान दोनों के लिए खतरा है। वह नफरत फैलाकर सामाजिक सद्भाव को तहस-नहस करने का इरादा रखती है।

## कश्यप समाज ने पूर्व राज्य मंत्री सुधाकर कश्यप को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कश्यप समाज ने पूर्व राज्य मंत्री सुधाकर कश्यप को महर्षि कश्यप की मूर्ति हिंडन विहार गाजियाबाद में रविवार को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में समाज के जिम्मेदार लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्य रूप से सुधाकर कश्यप के बेटे अमर कश्यप, उनकी बहन पुष्पा कश्यप, राष्ट्रीय संत गोपाल नंद गिरी महाराज मथुरा से पधारे।

कार्यक्रम में गणमान्य लोगों ने शिरकत की

एमएलसी सुरेश कश्यप, समाजसेवी जेपी कश्यप, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विजेंद्र यादव, भूपेंद्र कश्यप, बिजेंदर कश्यप पूर्व पार्षद, अमोल वशिष्ठ, सुनील कश्यप, सुखबीर कश्यप, उमेश कश्यप, राजकुमार कश्यप,चंद्रभान कश्यप, प्रधान चंद्र बोस कश्यप, राम कुमार कश्यप, रामप्रकाश कश्यप, मनजीत कश्यप, कृष्ण पाल कश्यप, राजेंद्र प्रधान, श्याम किशोर बाथम, पंकज महेश्वरी, महेंद्र कश्यप, अमरपाल कश्यप, देवानंद कश्यप, तेजपाल कश्यप, नागेंद्र कश्यप, सुभाष कश्यप, जयवीर, राजेंद्र प्रधान, रविंद्र कश्यप, अमरपाल कश्यप, राम अवतार कश्यप, सी आर कश्यप, डॉ. राजकुमार कश्यप, देवानंद कश्यप, अनिल कश्यप, धर्मेंद्र कश्यप, भूषण कश्यप, मास्टर किशन सिंह कश्यप, लोकेश कश्यप, आकाश कश्यप, नरेश कश्यप, राकेश कश्यप, श्याम कश्यप, सतीश कश्यप आदि सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।







## भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल सदस्यता पर्व के अवसर पर घर-घर जाकर सदस्यता दिलाई

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी विधानसभा में रविवार को भाजपा जिला अध्यक्ष ने संगठन पर्व सदस्यता अभियान 2024 के अंतर्गत भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी के अटल सदस्यता पर्व के अवसर पर भाजपा में समर्पण भाव से कार्य कर रहे सैकड़ो वरिष्ठ नागरिक एवं कार्यकताओं ने घर-घर जाकर पुनः सदस्यता ग्रहण कराई और सभी वरिष्ठ नागरिकों का पटका डालकर सम्मान किया, भाजपा जिला संगठन का सबसे बडा महापर्व सदस्यता अभियान 2024 कार्यक्रम पूरे भारत में चल रहा है जिसमें पार्टी हाई कमान के निर्देशानुसार अटल सदस्यता पर्व के अवसर पर अटलजी के समय से भाजपा में समर्पण भाव से कार्य कर रहे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर सदस्यता ग्रहण कराई है जिनकी कड़ी मेहनत और भाजपा के प्रति समर्पण का नतीजा है कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व में प्रथम स्थान पर है।

कार्यक्रम में मंडल मंत्री राजीव शर्मा सहित रमेश चंद्र अग्रवाल, विनोद मित्तल, कैलाश चंद्र गर्ग, कालीचरण गर्ग, ईश्वर चंद्र गर्ग, जय सिंह मावी, नितिन मावी, राजदीप तंवर, हरिकिशन तंवर, श्रीपाल बजेरिया, जयकिशन तंवर, आनंद कुमार, जगदीश प्रसाद, राहुल सिंघल, राकेश वेध मीडिया, ब्रहमेश तिवारी सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## लोनी के सभी थानों में पुलिस ने की पीस मीटिंग



**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी में सभी थानों की पुलिस ने एक सराहनीय कदम उठाते हुए दोनों समुदायों के बीच पीस मीटिंग आयोजित की जिसमें आने वाले गणेश विसर्जन और बारह वफात त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने पर जोर दिया गया। इस मीटिंग को एसीपी की अध्यक्षता में लोनी थाने में आयोजित की गई, जिसमें दोनों समुदायों के लोगों ने भाग लिया और त्योहारों के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। पुलिस की इस पहल को दोनों समुदायों के लोगों ने सराहा और इसके लिए धन्यवाद दिया। मीटिंग में शामिल लोगों ने कहा कि पुलिस की इस पहल से दोनों समुदायों के बीच समझ और सौहार्द बढ़ेगा और त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जा सकेंगे। एसीपी ने मीटिंग में कहा कि पुलिस का मकसद दोनों समुदायों के बीच शांति और सौहार्द को बढ़ावा देना है और त्योहारों के दौरान किसी भी तरह की समस्या न हो। उन्होंने दोनों समुदायों के लोगों से अपील की कि वे त्योहारों के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करें। इस मीटिंग के माध्यम से पुलिस ने यह साबित किया है कि वे समाज में शांति और सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। यह एक सराहनीय कदम है जो समाज में शांति और सौहार्द को बढ़ावा देगा।

## केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने की गणेश पूजा

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बृज विहार में गणेश उत्सव की धूम देखी जा रही है। जगह-जगह गणेश उत्सव का आयोजन किया गया है, जिसमें कई छोटे से बड़े कई पंडाल बनाए गए और विघ्नहर्ता श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। इस उत्सव के मौके पर केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा बृज विहार पहूंचे और पूजा पंडालों का भ्रमण किया।साथ ही कई जगहों पर बने पूजा पंडालों का विधिवत उद्घाटन भी किया। इस दौरान केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने भगवान श्री गणेश से वार्ड वासियों लोगों के लिए सुख समृद्धि, तरक्की और विकास की कामना की। गणेश उत्सव के मौके पर यहां कई दिनों तक के लिए मेला का भी आयोजन किया गया है, जिसका आनंद उठाने के लिए यहां लोग आते हैं। इस अवसर पर पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल, पार्षद शशि खेमका, बॉबी त्यागी, पूनम त्यागी, गीता सिंह, नारायण, श्रीकांत, गगन, विनोद, बप्पी आदि लोग मौजूद रहे।



## कौशांबी राम जानकी मंदिर में भगवान गणेश की प्रतिमा का अनावरण

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी के शिप्रा कृष्ण अजूर सोसाइटी में राम जानकी मंदिर में भगवान गणेश की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर शोभा यात्रा भी निकाली गई, इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ हर्षवर्धन और उनकी धर्मपत्नी का स्वागत क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल द्वारा किया गया वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री द्वारा सभी को गणेश चतुर्थी की बधाई दी गई। और सभी लोगों से कहां की कुछ लोग हिंदुओं को जातियों मैं बांटने का माहौल बना रहे हैं ऐसे लोग देश को कमजोर करने में लगे हुए हमें उनसे बचना है। देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तरक्की कर रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अरविंद माहेश्वरी, अतुल गुप्ता, राजीव कुमार, अनुज मोदी, पुनीत गर्ग, अमित अग्रवाल, नरेंद्र कुमार जैन, रवि माथुर, राजीव करनवाल, परमिंदर सिंह, सुरेंद्र सिंह, मालविका, भूमि आदि लोग मौजूद रहे।



## मंत्री नरेंद्र कश्यप ने विजयनगर में सदस्यता अभियान में लिया भाग, कहा हर वर्ग आ रहा है भाजपा के साथ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी का सदस्य का अभियान चल रहा है और सदस्यता अभियान के अंतर्गत विजयनगर में ओबीसी मोर्चा द्वारा कैंप लगाकर लोगों को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने का अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप पहुंचे और यहां उन्होंने लोगों को पार्टी से जुड़ने के लिए सदस्यता अभियान की शुरूआत की। अभियान के तहत उन्होंने लोगों से अपील की है कि भारतीय जनता पार्टी हर वर्ग और हर समाज का साथ देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान इस बार नये रिकॉर्ड भी बनाएगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने लोगों से मुलाकात भी की।





### मंत्री नरेंद्र कश्यप का ओबीसी मोर्चा ने किया स्वागत

**करंट क्राइम।** रविवार को विजयनगर में ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप की मौजूदगी में बड़ी संख्या में यहां ओबीसी समाज के लोगों को पार्टी से जोड़ने के लिए मिस कॉल लगवा कर सदस्यता दिलवाई। उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान में पार्टी का एक-एक पदाधिकारी अपना योगदान दे रहा है। विधायक, सांसद ,मंत्री ,महापौर, पार्षद ,सभासद सभी क्षेत्र में उतर गए हैं और लक्ष्य को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत की जा रही है। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप का स्थानीय लोगों और भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों ने फूल माला देकर स्वागत भी किया।

### भारतीय जनता पार्टी के प्रति बढ़ रहा है लोगों में विश्वास : नरेंद्र कश्यप

उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोगों को विश्वास बढ़ रहा है। यही कारण है की सदस्यता अभियान में अभी तक लाखों की संख्या में लोग जुड़ चुके हैं। उन्होंने कहा गाजियाबाद और आसपास के इलाकों में वह जिस भी सदस्यता अभियान कार्यक्रम में जा रहे हैं वहां बड़ी संख्या में लोग भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने के लिए देखे जा रहे हैं। यह आगामी चुनाव और भारतीय जनता पार्टी के संगठन के लिए अच्छी तस्वीर है।

## भाजपा को लेकर लोगों में गुस्सा, वोट से जवाब देगी प्रदेश की जनता : महबूबा मुफ्ती

**अनंतनाग।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने रविवार को चुनाव अभियान के दौरान नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की जनता अब नेशनल कॉन्फ्रेंस से निराश और परेशान हो चुकी है। उन्होंने अनंतनाग में एक रैली के दौरान मीडिया से बात करते हुए कहा, मुफ्ती मोहम्मद सईद के विजन को जनता समझ चुकी है। पीडीपी की कार्यशैली से लोग



वाकिफ हैं, हम जिस तेजी में काम करते हैं, वैसा काम नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अपने 40 साल के कार्यकाल के दौरान भी नहीं किया है। पीडीपी ने साउथ कश्मीर में यूनिवर्सिटी, कॉलेज, एम्स और सड़कें बनाईं। महबूबा मुफ्ती ने दावा करते हुए कहा, जम्मू-कश्मीर में आज वोट की जो इज्जत है, वो पीडीपी की वजह से है। मुफ्ती मोहम्मद सईद ने अगर पार्टी का गठन नहीं किया होता तो लोग आज भी नेशनल कॉन्फ्रेंस, यहां तानाशाही के माहौल में काम कर रही होती। प्रदेश की जनता अब नेशनल कॉन्फ्रेंस से निराश और परेशान हो चुकी है। उन्होंने भाजपा का जिक्र करते हुए कहा, ह्नभाजपा को लेकर लोगों में गुस्सा है, जो उन्होंने पांच साल पहले किया है, इसके कारण लोग उनकी नीतियों से नाराज हैं। इसलिए यहां की जनता वोट के माध्यम से अपना जवाब देगी। आपने रविंद्र रैना का बयान सुना होगा, जिस समय जम्मू-कश्मीर में तीन महीने के लिए भाजपा के साथ यहां सरकार बनी थी, उनके लोग ही हमारे दरवाजे पर आए थे। आप ही बता दीजिए कि इस दौरान हमारी ओर से किसी भी बड़े लीडर ने दिल्ली जाकर अमित शाह से मुलाकात की हो। उन्होंने गुलाम नबी आजाद के बयान का जिक्र करते हुए कहा, गुलाम नबी ने जो बयान दिया कि किस तरह से नेशनल कॉन्फ्रेंस के लीडर रात के अंधेरे में दिल्ली जाकर भाजपा नेताओं से मुलाकात करते हैं। अब मैं इस पर क्या ही बोल सकती हूं।

दैनिक **करंट क्राइम**

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...





● नई दिल्ली।। सोमवार 09 सितम्बर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित











# डेंगू से कितना सुरक्षित है आपका वार्ड, करंट क्राइम ने शुरू की पड़ताल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** बारिश का मौसम अभी खत्म नहीं हुआ है और शहर से लेकर देहात तक मच्छरों का आतंक देखने को मिल रहा है। मौसम परिवर्तन के बीच कई प्रकार की बीमारियां शुरू हो गई हैं। तो वहीं मच्छरों की फौज ने मलेरिया और डेंगू के रूप में दस्तक दे दी है। शहर के कई इलाकों में डेंगू का असर देखने को मिलना शुरु हो गया है। तो वहीं स्कूल-कॉलेज में अब प्रबंधन ने विद्यार्थियों को पूरी बाजू के कपड़े और पैंट पहने का निर्देश तक जारी कर दिया है। डेंगू के बचाव को लेकर नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग ने भी कमर कसी है। वहीं मच्छरों से बचाव के लिए एंटी लार्वा छिड़काव और फागिंग शुरू कर दी गई है। इसी को लेकर दैनिक करंट क्राइम की टीम ने नगर निगम के अंतर्गत आने वाले अलग-अलग वार्डों में पार्षदों से बातचीत की है कि उनके क्षेत्र में डेंगू को लेकर वह कितने तैयार हैं। डेंगू से उनका वार्ड कितना सुरक्षित है। नगर निगम के कई पार्षदों का कहना है कि उनके यहां मच्छरों का काम तमाम करने के लिए फॉगिंग अभियान सप्ताह के 6 दिन चल रहा है। तो कई जगह वार्ड बड़ा होने की वजह से केवल दो से तीन इलाकों में ही फॉगिंग एक दिन में हो पा रही है। कुल मिलाकर सिस्टम अपना काम कर रहा है और लोगों को बचाव के साथ-साथ जागरूक होना बेहद आवश्यक है। बता दें कि हर साल डेंगू से शहरभर में कई लोगों की जान जाती है। तो बरसात के सीजन के दौरान अस्पतालों और चिकित्सकालयों में मरीजों की संख्या में भी कई गुना इजाफा हो जाता है। लोग इलाज के लिए दर-दर भटकते हैं, तो वह देसी उपाय से लेकर दवाओं तक का सहारा लेते हैं। कुल मिलाकर डेंगू एक बड़ी बीमारी का रूप ले चुकी है। जिसमें सुरक्षा और बचाव ही सबसे बड़ी सावधानी है। प्रस्तुत है दैनिक करंट क्राइम की पार्षदों से की गई डेंगू से कितना सुरक्षित है आपका वार्ड की विस्तृत रिपोर्ट।



### निगम का नहीं मिल रहा सहयोग: श्रीभगवान अग्रवाल



करंट क्राइम : वार्ड-97 के पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल का कहना है, कि उनके क्षेत्र में चंद्र नगर व रामप्रस्था कॉलोनी आती है। जिसमें हजारों लोग रहते हैं, क्षेत्र में निगम के कर्मचारी ना ही फॉगिंग कर रहे हैं, ना ही एंटी लार्वा का छिड़काव कर रहे हैं। कई बार स्वास्थ्य अधिकारी को भी इसके बारे में जानकारी दी गई है, लेकिन कोई भी सुनने को तैयार नहीं है। अभी बरसात का मौसम समाप्त हुआ है, जिसके चलते क्षेत्र में बीमारी का खतरा बना हुआ। डेंगू का प्रकोप नहीं फैले इसके लिए तैयारियां करनी होगी।

### नगर निगम करवा रहा है फॉगिंग : जोगिंदर उपाध्याय



करंट क्राइम : वार्ड-43 के पार्षद जोगिंदर उपाध्याय ने बताया नगर निगम के कर्मचारी समय से ही फॉगिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव कर रहे हैं। कई जगह जलभराव की समस्या वार्ड में बनी हुई है, कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वहां भी एंट्री लार्वा का छड़काव कराया गया है। जिससे क्षेत्र में संक्रामक बीमारी ना फैले। उन्होंने कहा कि कड़कड़ मॉडल गांव में औद्योगिक क्षेत्र में भी एंटी लार्वा व फॉगिंग की व्यवस्था कराई जा रही है। डेंगू को लेकर लगातार मैं भी रोकथाम के बचाव कर रहा हूं।

### वार्ड-36 में नहीं हो रही फॉगिंग: खुर्शीदा बेगम



करंट क्राइम : शहीदनगर वार्ड-36 की पार्षद खुर्शींद बेगम ने बताया कि मेरे वार्ड में शहीद नगर व ज्ञानी बार्डर क्षेत्र आता है। जिसमें सड़क के किनारे गंदगी के ढेर नजर आते हैं, नगर निगम के कर्मचारियों समय से काम नहीं करते हैं। ओर ना ही वार्ड में फॉगिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है, कई बार स्वास्थ्य विभाग को भी लिख कर दिया है। कि क्षेत्र में एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाए। वहीं समय-समय पर गलियों में फॉगिंग की व्यवस्था की जाए। लेकिन नगर निगम के अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है, जिसके चलते जनता में आक्रोश बना हुआ है।

### डेंगू से वार्ड- 100 पूरी सुरक्षित है: संजय सिंह



करंट क्राइम : इंदिरापुरम के वार्ड- 100 शिप्रा सनसिटी क्षेत्र के पार्षद संजय सिंह का कहना है, कि मेरा वार्ड शतप्रतिशत तक सुरक्षित है। नगर निगम का पूरा सहयोग मिल रहा है, समय-समय पर क्षेत्र में फॉगिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव हो रहा है। स्वास्थ विभाग की ओर से भी कई एंटी लार्वा के छिड़काव हुआ है। वहीं जीडीए का पूरा सहयोग से भी कार्य चल रहा है। अभी तक कोई भी डेंगू का केस वार्ड 100 में नहीं मिला।

### बना हुआ डेंगू का खतरा नहीं सुन रहे विभाग : राधेश्याम त्यागी



करंट क्राइम : इंदिरापुरम के मकनपुर वार्ड-57 के पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताया कि उनके वार्ड का क्षेत्र मकनपुर गांव व न्याय खंड 2 व तीन का कुछ हिसा आता है। जिसमें जीडीए व नगर निगम दोनों ही विभाग कार्य करते हैं, लेकिन बरसात का मौसम जैसे ही खत्म हुआ है, जगह-जगह जलभराव हुआ है, जिससे समस्या बनी हुई है। स्वास्थ्य विभाग व नगर से कोई भी सुविधा नहीं मिल रही है। ना ही क्षेत्र में फॉगिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव हो रहा है, विभाग को शिकायत करने के बाद भी कर्मचारी कोई भी कार्य करने को तैयार नहीं है। यहां तक की जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। वहीं डेंगू का खतरा बना हुआ है।

### समय से हो रही फॉगिंग: हरीश कडाकोटी



करंट क्राइम : इंदिरापुरम वार्ड-79 के पार्षद हरीश कडाकोटी का कहना है कि क्षेत्र न्याय खंड एक, ज्ञान खंड, अभय खंड क्षेत्र लगता है। जिसमें नगर निगम की ओर से पूरा सहयोग मिल रहा है, समय-समय पर वार्ड में फॉगिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव हो रहा है। स्वस्थ विभाग ने कई बार जागरूक कार्यक्रम भी किये हैं। वार्ड में अभी कोई डेंगू का केस नहीं मिला है, मेरी कोशिश रहती है कि क्षेत्र की जनता को परेशानी न हो।

### डेंगू फैला तो सरकारी सिस्टम होगा जिम्मेदार : प्रीति जैन



करंट क्राइम : इंदिरापुरम के वार्ड-99 की पार्षद प्रीति जैन का कहना कि उनके वार्ड में वैभव खंड आता है। जिसमें अधिकतर सोसायटी बनी हुई हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम व जीडीए के अंतर्गत वार्ड आता है, लेकिन दोनों ने से कोई भी विभाग फॉगिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव नहीं करवा रहा है। सोसायटी में ही आरडब्ल्यूए द्वारा फॉगिंग करवाते हैं। लेकिन विभागों का कोई भी सहयोग नहीं मिल रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के पार्को की स्थिति बहुत खराब है। सफाई न होने के कारण बदहाल पड़े हैं। लेकिन वार्ड में अभी कई डेंगू का केस नहीं मिला है।

### छोटी व बड़ी मशीनों से हो रही फॉगिंग: शिल्पा चौधरी



करंट क्राइम : वसुंधरा वार्ड-61 की पार्षद शिल्पा चौधरी का कहना है कि वसुंधरा सेक्टर-02, सेक्टर-04, सेक्टर-05, सेक्टर-10, सेक्टर-06 रहता है। जिसमें नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा रोज अलग अलग क्षेत्र में फॉगिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है। उन्होंने बताया बरसात के मौसम के बाद संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसी के चलते विभाग नगर निगम द्वारा क्षेत्र में रोज फॉगिंग करने के लिए निर्देश दिए गए है। वार्ड में अभी कोई डेंगू का नहीं मिला केस।

### नगर निगम का मिल रहा है भरपूर सहयोग : सतेंदर चौधरी



करंट क्राइम : वसुंधरा वार्ड-54 के पार्षद सतेंदर चौधरी का कहना है कि नगर निगम के कर्मचारियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। वार्ड की हर गली मोहल्ले में फॉगिग कराई जा रही है। जहां-जहां जलभराव की दिक्कत नजर आती है। वहां पर एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग में नगर निगम के कर्मचारी मिलकर काम कर रहे हैं। वार्ड-54 में मेरे लोगों को कोई समस्या नहीं है और जो समस्या होती है, उसे सबसे पहले दूर करने का प्रयास किया जाता है।

### मुझे मिल रहा है कर्मचारियों का भरपूर सहयोग: अनुज त्यागी



करंट क्राइम : इंदिरापुरम के वार्ड-87 के पार्षद अनुज त्यागी का कहना है कि मेरे वार्ड में नगर निगम व जीडीए के कर्मचारियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। समय-समय पर सभी काम हो रहे हैं। बरसात का मौसम जैसे ही समाप्त हुआ है, रोज वार्ड में फॉगिग व एंटी लार्वा छिड़काव भी कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। मुझे लगता है कि विभाग ठीक तरह से अपना काम कर रहे हैं। मेरे वार्ड में कोई केस नही मिला, अभी तक डेंगू का जनता के काम होने चाहिए जो सुचारू रूप से हो रहे हैं।

# जो दिख रही थी भाजपा युवा मोर्चा की क्षेत्रीय टीम एक्टिविटी से अंजान

वरिष्ठ संवाददाता

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में कनैक्टिविटी और एक्टिविटी के बिना काम नहीं चलता। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि कनैक्टिविटी से काम हो जाता है और कई बार कनैक्टिविटी उन्हें भी लाभ दिला देती है जिनकी एक्टिविटी नहीं होती। भाजपा में हर संयोजक, हर मोर्चा, हर प्रकोष्ट अपनी कनैक्टिविटी चार्ट के साथ है। यहां संगठन सर्वोपरि होता है और इसका बडा उदाहरण लोकसभा सासंद अतुल गर्ग है वो खुद बाजारों में दुकानों पर जा रहे है शोरूम और प्रतिष्ठानों पर जा रहे हैं और भाजपा का सदस्यता अभियान चला रहे है। किसान मोर्चा सदस्यता अभियान में जुटा है। मंडल अध्यक्ष लगे हैं और ऐसे में कई दिनों से ये चर्चा था कि गाजियाबाद में भाजपा युवा मोर्चा की क्षेत्रीय टीम के चेहरे एक्टिविटी वाले मोड में नहीं है। लेकिन अब इन चेहरों को भी काम मिल गया है। भाजपा युवा मोर्चा की क्षेत्रीय टीम के सदस्यों को काम मिला है उन्हें जिला सदस्यता अभियान का प्रभारी बनाया गया है। लिस्ट में भाजपा युवा मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रॉबिन तोमर का नाम है। रॉबिन तोमर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हैं और गाजियाबाद में रहते हैं उन्हें मेरठ जिले का जिला सदस्यता अभियान प्रभारी बनाया गया है।

इसी तरीके से भाजपा युवा मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सिद्धार्थ युगल है। सिद्धार्थ युगल गाजियाबाद में रहते हैं और उन्हें सदस्यता अभियान प्रभारी के रूप में मुरादाबाद जिले का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा क्षेत्रीय मंत्री



काजल त्यागी को हापुड़ जिले का प्रभारी बनाया गया है। काजल त्यागी को हापुड़ जिले का जिला सदस्यता अभियान प्रभारी बनाया गया है ये तीनों ही युवा चेहरे गाजियाबाद के हैं और भाजपा युवा मोर्चा के क्षेत्रीय पदाधिकारी हैं। अब इन्हें जिले आवंटित कर दिये गये हैं और ये तीनों चेहरे अपने अपने आवंटित जिले में सदस्यता अभियान का दायित्व संभालेंगे।

## गाजियाबाद में मिल गया टीम के इन चेहरों को भी सदस्यता का काम

### क्षेत्रीय अध्यक्ष से लेकर प्रदेश महामंत्री को भी बनाया गया है सदस्यता अभियान प्रभारी

**करंट क्राइम।** भाजपा सदस्यता अभियान चला रही है और उसके सांसद उसके विधायक क्षेत्र में जाकर लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करा रहे हैं। गाजियाबाद के तीन चेहरों के अलावा जिला सदस्यता अभियान प्रभारी बनने वालों की संख्या क्षेत्रीय युवा मोर्चे में 19 है। प्रदेश महामंत्री से लेकर प्रदेश उपाध्यक्ष को भी जिला सदस्यता अभियान प्रभारी बनाया गया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष सुखविन्दर सोम को गौतमबुद्ध नगर का जिला सदस्यता अभियान प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा प्रदेश महामंत्री वरूण गोयल को शामली जिले का सदस्यता अभियान प्रभारी बनाया गया है। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष सतेन्द्र अवाना को गाजियाबाद महानगर का प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश मंत्री अंजली चौहान को संभल जिले का और प्रदेश मंत्री अमल खटीक को मुज्जफरनगर का जिला सदस्यता अभियान प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश सहकोषाध्यक्ष नरेन्द्र भाटी को नोएडा महानगर का प्रभारी बनाया गया है। युवा मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष वीनस शर्मा को बिजनौर, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आर्यन त्यागी को मुरादाबाद महानगर का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुनील नागर को बागपत जिले का प्रभारी बनाया गया है। क्षेत्रीय महामंत्री सचिन चौधरी को अमरोहा जिले का प्रभारी बनाया गया है। क्षेत्रीय मंत्री प्रवीण भड़ाना को सहारनपुर जिले का और क्षेत्रीय मंत्री रवि जाटव को सहारनपुर महानगर का सदस्यता अभियान प्रभारी बनाया गया है। क्षेत्रीय मंत्री विनीत बालियान को मेरठ महानगर का प्रभारी बनाया गया है। यूथ मोर्चा के प्रदेश मंत्री अरूण यादव के गाजियाबाद जिले का प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य युगांग यादव को बुलंदशहर जिले का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा क्षेत्रीय सहमीडिया प्रभारी नरेन्द्र धारीवाल को रामपुर जिले का प्रभारी बनाया गया है।

### प्रदेश मंत्री अरूण यादव और प्रदेश उपाध्यक्ष सतेन्द्र अवाना संभालेंगे गाजियाबाद

**करंट क्राइम।** भाजपा युवा मोर्चा पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जिला सदस्यता अभियान प्रभारी सूची जारी हो गई है। जहां गाजियाबाद के तीन क्षेत्रीय पदाधिकारियों को मेरठ, हापुड और मुरादाबाद जिले आवंटित हुए हैं। उन्हें जिला सदस्यता अभियान प्रभारी बनाया गया है। वहीं प्रदेश मंत्री अरूण यादव को गाजियाबाद जिले का जिला सदस्यता अभियान प्रभारी बनाया गया है और प्रदेश उपाध्यक्ष सतेन्द्र अवाना को गाजियाबाद महानगर का प्रभारी बनाया गया है।

## संपादकीय

### कृषि क्षेत्र में सुधार जरूरी

भारतीय अर्थव्यवस्था महत्वपूर्ण मोड़ पर है। अर्थव्यवस्था व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता तथा अनुकूल वृद्धि–मुद्रा स्फीति संतुलन के साथ आगे बढ़ रही है। विभिन्न क्षेत्रों तथा बाजारों में बड़े पैमाने पर बदलाव हो रहे हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने 2024–25 की पहली तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। जबकि विश्व बैंक ने अर्थव्यवस्था के लिए 2024–25 की जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है।

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को कहा कि उपभोग तथा निवेश मांग में लगातार सुधार के साथ भारत की वृद्धि गाथा बरकरार है, लेकिन अभी तक किए सुधारों के साथ भूमि, श्रम और कृषि बाजारों में भी सुधार की जरूरत है। दास ने कहा कि बेहतर मानसून तथा खरीफ की अच्छी बुवाई से खाद्य मुद्रा स्फीति का परिदृश्य अधिक अनुकूल हो सकता है।

वित्तीय क्षेत्र को समावेशी वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल मंच तक पहुंच बढ़ानी चाहिए और उनका इस्तेमाल करना चाहिए। वास्तव में कृषि क्षेत्र समावेशी विकास के लिए एक महत्वपूर्ण खंड है और अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन प्रदान करता है, खासकर तब जब अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन न कर रही हो। भारत में एक बड़ी कृषक आबादी निवास करती है। यदि कृषि क्षेत्र समस्याग्रस्त बना रहेगा तो भारत में पहले से ही मौजूद आर्थिक असमानता में और भी वृद्धि होगी तथा समग्र मांग में भी कमी आ सकती है जिसके परिणाम स्वरुप आर्थिक वृद्धि भी नकारात्मक रूप से प्रभावित हो सकती है।

विश्व बैंक को उम्मीद है कि पिछले वर्ष की कमजोर प्रवृत्तियों की तुलना में इस वर्ष निजी खपत में 5.7 प्रतिशत और कृषि क्षेत्र में 4.1 प्रतिशत की वृद्धि होगी। कृषि क्षेत्र में सुधार औद्योगिक विकास में थोड़ी नरमी की भरपाई कर सकता है और कमजोर मांग को पुनर्जीवित कर सकता है। साथ ही मध्यम अवधि में निजी निवेश को बढ़ाने में मदद कर सकता है।

गौरतलब है कि कृषि एक राज्य सूची का विषय है इसलिए केंद्र की भूमिका सीमित है, लेकिन जिस प्रकार जीएसटी को लागू करने में केंद्र–राज्यों के बीच अभूतपूर्व सहयोग देखा गया है। ऐसा ही सहयोग कृषि क्षेत्र में भी अपेक्षित है। एकीकृत परिषद का निर्माण करके कृषि से संबंधित समस्याओं का समाधान खोजा जा सकता है। समय की मांग है कि सरकारें इस क्षेत्र को भी गंभीरता से लें तथा व्यापक रणनीति के आधार पर सुधारों को लागू करने का प्रयास करें, जिससे इस क्षेत्र में ढांचागत परिवर्तन लाया जा सके।

# भारत का कपड़ा उद्योग तेज वृद्धि के लिए तैयार

## पीएलआई स्कीम का मिलेगा फायदा : केंद्रीय कपड़ा मंत्री




**नई दिल्ली।** भारत के कपड़ा उद्योग में आने वाले वर्षों में तेज वृद्धि दर देखने को मिल सकती है और इस उद्योग का आकार बढ़कर 2030 तक 350 अरब डॉलर का हो सकता है। इस दौरान करीब 3.5 करोड़ रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने नई दिल्ली में एक इवेंट के दौरान कहा कि भारत के कपड़ा उद्योग का आकार 2030 तक बढ़कर 350 अरब डॉलर का हो सकता है और इस दौरान करीब 3.5 करोड़ अतिरिक्त रोजगार के अवसर पैदा होंगे। मंत्री ने आगे कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कपड़ा उद्योग की प्रगति के लिए लाई गई प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम से परिधान उद्योग का प्रोडक्शन बढ़ेगा और उद्योग अपनी ब्रांडिंग करने में सक्षम हो पाएंगे।

साथ ही पीएलआई स्कीम की मदद से कपड़ा उद्योग में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय कपड़ा मंत्री के मुताबिक, भारत अपने डेमोग्राफिक डिविडेंड के कारण आने वाले वर्षों में कपड़ा उद्योग की वृद्धि दर के मामले में चीन को आसानी से पीछे छोड़ सकता है। भारतीय वस्त्र उद्योग परिसंघ (सीआईटीआई) की ओर से पिछले महीने जारी किए गए डेटा के मुताबिक, भारत के परिधान निर्यात में जुलाई में 11.85 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। जुलाई में परिधान का निर्यात बढ़कर 1,277.20 मिलियन डॉलर हो गया, जो कि पिछले वर्ष समान अवधि में 1,141 मिलियन डॉलर था।

वहीं, कपड़ों का निर्यात 1,660.36 मिलियन डॉलर हो गया है, जो कि जुलाई में 1,663.06 मिलियन डॉलर था। कपड़ा और परिधान क्षेत्र का कुल निर्यात जुलाई 2024 में 2,937.56 मिलियन डॉलर रहा, जो कि जुलाई 2023 में 2,805.01 मिलियन डॉलर था। बता दें कि भारत का कपड़ा और परिधान निर्यात जुलाई में बढ़ने की वजह अमेरिकी और यूरोपीय बाजारों में मजबूत मांग का होना था।

## भारत में कारोबार बढ़ाने के लिए सही साझेदार तलाश रही कंपनी : विंडहैम होटल्स



**नई दिल्ली।** भारत सरकार की ओर से इन्फ्रास्ट्रक्चर विशेषकर हाईवे पर जोर दिए जाने के कारण होटल इंडस्ट्री के लिए विकास के अनेकों अवसर खुल गए हैं। विंडहैम होटल्स और रिसॉर्ट के ईएमईए अध्यक्ष दिमित्रिस मानिकिस ने रविवार को कहा, हम भी भारत में सही साझेदार खोज रहे हैं, जिससे हॉस्पिटैलिटी में अपना विस्तार कर सकें। आईएएनएस से बातचीत करते हुए मानिकिस ने कहा, सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी मजबूत होने से अधिक संख्या में लोग बिजनेस और अपना खाली समय बिताने के लिए सड़कों का उपयोग कर रहे हैं। इससे देश में मुख्य मार्गों पर अच्छे होटल्स की मांग बढ़ गई है। मानिकिस ने जोर देते हुए कहा, हम प्रमुख हाईवे और प्रमुख सर्विस स्टेशनों के पास होटल विकसित करके रणनीतिक रूप से अपनी उपस्थिति का विस्तार कर सकते हैं, जिससे यात्रियों को रात में ठहरने के लिए सुविधाजनक और आरामदायक विकल्प मिल सकें। उन्होंने आगे कहा कि हम ऐसे होटलों को निर्माण करना चाहते हैं, जो कि विश्वसनीय सेवाएं और अच्छा माहौल, यात्रा करने वाले लोगों और यात्रियों को प्रदान कर सकें। दुनिया की सबसे बड़ी होटल फ्रेंचाइजी कंपनी विंडहैम होटल्स और रिसॉर्ट्स, भारत के उदयपुर में अगले साल अपना पहला लग्जरी होटल विंडहैम ग्रैंड लॉन्च करने जा रही है। मौजूदा समय में विंडहैम के पास देश में 40 से ज्यादा होटल हैं और कंपनी का उद्देश्य इनकी संख्या में इजाफा करना है। पिछले वर्ष कंपनी के लिए भारत में अब तक का सबसे अच्छा रहा है। इस दौरान कंपनी की आय और ऑक्यूपेंसी रेट में बढ़त देखने को मिली।

## भारत का हाउसिंग सेक्टर अगले 3 से 5 वर्षों में 10 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़ेगा



**नई दिल्ली।** भारत का हाउसिंग सेक्टर अगले 3 से 5 वर्षों में 10 प्रतिशत की कंपाउंडेड एनुअल ग्रोथ रेट (सीएजीआर) से बढ़ेगा। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इन्वेस्टमेंट फर्म जेफरीज ने कहा कि सरकार की ओर से किए जाने वाले पूंजीगत निवेश में पिछले पांच वर्षों में तीन गुना का इजाफा देखने को मिला है। लेकिन, अब सरकार के सहयोग से निजी सेक्टर भी तेजी से पूंजीगत निवेश बढ़ा रहा है, जिसके कारण आने वाले वर्षों में हाउसिंग सेक्टर में तेज वृद्धि देखने को मिल सकती है। अधिक पूंजीगत खर्च के कारण भारत की अर्थव्यवस्था में बीते तीन वर्षों में तेज वृद्धि दर देखने को मिली है। आने वाले वर्षों के लिए भी आउटलुक सकारात्मक बना हुआ है। भारत के निवेश परिदृश्य में कॉरपोरेट पूंजीगत निवेश, हाउसिंग और सरकारी खर्च की हिस्सेदारी क्रमशः 35, 40 और 25 प्रतिशत है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि घरेलू निवेशकों की संख्या बढ़ने के कारण शेयर बाजार में निवेश बढ़ा है और रिटेल निवेशकों की बाजार हिस्सेदारी अपने सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। घरेलू निवेशक हर महीने करीब 7 अरब डॉलर से ज्यादा की राशि म्यूचुअल फंड और शेयरों में निवेश कर रहे हैं। हालांकि, बाजार में वैल्यूएशन अधिक होने के कारण आने वाले समय में इसमें हल्की नरमी देखने को मिल सकती है। बता दें, भारत में कोरोना महामारी के बाद बड़े और छोटे शहरों में रियल एस्टेट की मांग में तेज इजाफा देखने को मिला है। बीते हफ्ते सिंगापुर की रियल एसेट मैनेजर कंपनी कैपिटालैंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड (सीएलआई) द्वारा भारत में अपने फंड अंडर मैनेजमेंट (एफयूएम) 2028 तक बढ़ाकर 14.8 अरब सिंगापुर डॉलर (भारतीय रुपये में 90,280 करोड़) करने का ऐलान किया है, जो कि फिलहाल 7.4 अरब सिंगापुर डॉलर है। देश में रियल एस्टेट के तेजी से बढ़ने का फायदा अर्थव्यवस्था को मिल रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के मुताबिक भारत की जीडीपी 2024-28 के बीच 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है।

## राशिफल

**मेष :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें।

**वृष :** अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद–फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं।

**कर्क :** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**सिंह :** पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें।

**कन्या :** परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।

**तुला :** थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक :** शरीर साथ नहीं देगा। स्वास्?थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी।

**धनु :** प्रेम–प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी।

**मकर :** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे।

**कुंभ :** आशंका–कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन :** अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा–पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार–व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

## चुटकुले

बेटा – मां मैं एक दिन बहुत बड़ा आदमी बनूंगा,
आपकी झोली खुशियों से भर दूंगा।
मां – पहले ये बोतलें भरकर फ्रिज
में रख नालायक!

---

टीना – मम्मी, मैं जीवन में आगे
बढ़ने के लिए क्या करूं?
मम्मी (गुस्से से) – पत्थर ले और
और सबसे पहले मोबाइल फोड़।

---

मास्टर जी – दशमलव किसे कहते हैं?
पप्पू – जब 10 से Love हो जाए,
उसी को दशमलव कहते हैं।

---

लड़की – आई लव यू
लड़का – आई लव यू टू
लड़का – कितना प्यार करते हो तुम मुझसे?
लड़का – जितना तुम करती हो।
लड़का – पागल... इसका मतलब तु भी
टाइमपास ही कर रहा है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- साल 1755 में, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने एक डोडो पक्षी जला दिया, यूनिवर्सिटी इस बात से अनजान थी कि यह दुनिया का आखिरी पूर्ण नमूना था।
- क्या आप जानते हैं? वर्ल्ड वॉर–II के दौरान ऑक्सफोर्ड के ऊपर बम गिराकर बर्बाद क्यों नहीं किया गया था, इसका यही कारण है कि हिटलर इंग्लैंड पर विजय प्राप्त करने के बाद शहर को राजधानी के रूप में उपयोग करना चाहता था।
- रुथ लॉरेंस, एक बाल विलक्षण गुण–संपन्न मनुष्य, ने 10 साल की उम्र में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी गणित की परीक्षा उत्तीर्ण की थी, सभी 530 उम्मीदवारों में से प्रथम आने के बाद, उन्होंने 13 साल की उम्र में एक वर्ष की डिग्री पूरी की थी।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय दुनिया का दूसरा सबसे पुराना क्रियाशील विश्वविद्यालय है। सबसे पुराना एक बोलोग्ना विश्वविद्यालय है।
- ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के नेतृत्व में एक शोध अध्ययन में पाया गया कि नास्तिक और अत्यधिक धार्मिक लोग कम से कम मौत से डरते हैं।




दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# खत्म हुआ भारत का पेरिस अभियान, ऐतिहासिक प्रदर्शन से जीते सात स्वर्ण

## टोक्यो के रिकॉर्ड को तोड़ा, हासिल हुआ 25 पार का लक्ष्य

**पेरिस।** पेरिस पैरालंपिक में भारत का अभियान समाप्त हो गया है। भारतीय दल ने कुल 29 पदक जीतकर टोक्यो का रिकॉर्ड तोड़ दिया। तीन साल पहले भारत ने 19 पदक जीते थे। अब देश ने पैरा खेलों के इतिहास में अपने सबसे ज्यादा पदक जीत लिए हैं। इनमें सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य शामिल हैं।













### हासिल हुआ 25 पार का लक्ष्य

भारत इस बार 25 पार के लक्ष्य को लेकर इन खेलों में उतरा था। यह पैरालंपिक हर मायने में भारत के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ पैरालंपिक साबित हुआ है। अवनि लेखरा से शुरू हुई कहानी नवदीप सिंह के स्वर्ण पर आकर खत्म हुई। पेरिस पैरालंपिक में 84 पैरा एथलीट्स ने भारत का प्रतिनिधित्व किया।

### भारत ने तोड़ा टोक्यो का रिकॉर्ड

भारत के लिए पेरिस पैरालंपिक सबसे सफल पैरालंपिक साबित हुआ है। टोक्यो पैरालंपिक 2020 इससे पहले भारत का सबसे सफल पैरालंपिक रहा था। उसमें भारत ने 54 एथलीट्स भेजे थे और 19 पदक जीतने में कामयाब रहे थे। इनमें पांच स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य पदक शामिल थे। भारत ने 20वां पदक जीतते ही टोक्यो पैरालंपिक का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। इसके अलावा सात स्वर्ण जीतकर भारत ने टोक्यो के पांच स्वर्ण के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। टोक्यो 2020 में भारत की रैंक 24 रही थी, जो कि अब तक का सर्वश्रेष्ठ है। इस बार देश 29 पदकों के साथ 19वें स्थान पर है। यह अब तक की भारत की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग होगी।

### पैरालंपिक खेलों में भारत का इतिहास

पैरालंपिक खेलों की शुरूआत 1960 में रोम पैरालंपिक खेलों से हुई थी। हालांकि, भारत ने 1960 और फिर इसके बाद 1964 टोक्यो पैरालंपिक खेलों में हिस्सा नहीं लिया था। 1968 तल अवीव पैरालंपिक खेलों में भारत कोई पदक नहीं जीत सका था, जबकि 1972 हीडलबर्ग पैरालंपिक खेलों में भारत ने सिर्फ एक स्वर्ण समेत एक पदक जीता था। तब भारत का रैंक 25 रहा था। 1976 टोरंटो और 1980 आर्नहेम पैरालंपिक खेलों में भारत ने हिस्सा नहीं लिया था। भारत ने 1984 पैरालंपिक्स में चार पदक जीते थे और 37वें स्थान पर रहा था। 1988 सियोल, 1992 बार्सिलोना, 1996 अटलांटा, 2000 सिडनी पैरालंपिक्स और 2008 बीजिंग पैरालंपिक्स में भारत कोई पदक नहीं जीत सका था। भारत ने 2004 एथेंस पैरालंपिक्स में दो, 2012 लंदन पैरालंपिक्स में एक, 2016 रियो पैरालंपिक्स में चार पदक जीते थे। 2004 में भारत 53वें स्थान पर, 2012 में 67वें स्थान पर और 2016 में 43वें स्थान पर रहा था। अब पेरिस पैरालंपिक्स में भारत के पास इतिहास रचने का मौका है। पेरिस ओलंपिक में भारतीय दल के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पैरालंपिक्स में भारतीय एथलीट्स देशवासियों के चेहरे पर खुशियां लेकर आए हैं। भारत ने पेरिस ओलंपिक 2024 में कुल छह पदक जीते थे। भारत ने अब तक सभी पैरालंपिक्स को मिलाकर कुल 15 स्वर्ण, 21 रजत और 21 कांस्य समेत कुल 57 पदक जीते हैं।

### पैरालंपिक 2024 में इन्होंने जीते पदक

- अवनि लेखरा : स्वर्ण पदक : निशानेबाजी
- मोना अग्रवाल : कांस्य पदक : निशानेबाजी
- प्रीति पाल : कांस्य पदक : एथलेटिक्स
- मनीष नरवाल : रजत पदक : निशानेबाजी
- रुबीना फ्रांसिस : कांस्य पदक : निशानेबाजी
- प्रीति पाल : कांस्य पदक : एथलेटिक्स
- निषाद कुमार : रजत पदक : एथलेटिक्स
- योगेश कथुनिया : रजत पदक : एथलेटिक्स
- नितेश कुमार : स्वर्ण पदक : बैडमिंटन
- मनीषा रामदास : कांस्य पदक : बैडमिंटन
- तुलसीमति मुरुगेसन : रजत पदक : बैडमिंटन
- सुहास एलवाई : रजत पदक : बैडमिंटन
- राकेश कुमार/शीतल देवी : कांस्य पदक : तीरंदाजी
- सुमित अंतिल : स्वर्ण पदक : एथलेटिक्स
- नित्या श्री सिवान : कांस्य पदक : बैडमिंटन
- दीप्ति जीवनजी : कांस्य पदक : एथलेटिक्स
- अजीत सिंह : रजत पदक : एथलेटिक्स
- सुंदर सिंह गुर्जर : कांस्य पदक :एथलेटिक्स
- शरद कुमार : रजत पदक : एथलेटिक्स
- मरियप्पन थंगावेलु : कांस्य पदक : एथलेटिक्स
- सचिन सरजेराव खिलाड़ी : रजत पदक : एथलेटिक्स
- धरमबीर : स्वर्ण पदक : एथलेटिक्स
- प्रणव सूरमा : रजत पदक : एथलेटिक्स
- हरविंदर सिंह : स्वर्ण पदक : तीरंदाजी
- कपिल परमार : कांस्य पदक : जूडो
- प्रवीण कुमार : स्वर्ण पदक : एथलेटिक्स
- होकाता सेमा : कांस्य पदक : एथलेटिक्स
- सिमरन शर्मा : कांस्य पदक : एथलेटिक्स
- नवदीप सिंह : स्वर्ण पदक : एथलेटिक्स

# एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में गत चैंपियन भारत का दबदबा

## चीन को पहले मैच में 3-0 से हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में मेजबान चीन पर 3-0 की शानदार जीत के साथ शुरूआत की। भारत के लिए सुखजीत सिंह (14वें मिनट), उत्तम सिंह (27वें मिनट) और अभिषेक (32वें मिनट) ने गोल किए जबकि चीन एक भी गोल नहीं कर सका।



### मजबूत प्रदर्शन से हासिल की जीत

ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक हासिल करने के बाद टूनार्मेंट में खेलने उतरी भारतीय टीम ने शुरूआत में मिले मौकों को भुनाया और डिफेंस में भी मजबूत प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। सुखजीत ने पहले क्वार्टर की शुरूआत में भारत को बढ़त दिलाई जबकि दूसरे क्वार्टर की समाप्ति से ठीक तीन मिनट पहले उत्तम सिंह ने बढ़त दोगुनी कर दी जिससे भारत पहले हाफ तक 2-0 से आगे हो गया।

### जापान से होगी भिड़ंत

खेल फिर से शुरू होने के ठीक दो मिनट बाद अभिषेक ने शानदार रिवर्स हिट से गोल किया। भारत पूल एक में अपने दूसरे मैच में सोमवार को जापान से भिड़ेगा। पिछले साल भारत ने घरेलू मैदान पर यह टूनार्मेंट जीता था जिससे वह इस टूनार्मेंट के इतिहास में चार खिताब जीतने वाली एकमात्र टीम बन गई थी। अन्य मैचों में मलयेशिया ने पाकिस्तान को 2-2 से बराबरी पर रोका जबकि जापान और कोरिया ने 5-5 से ड्रॉ खेला।

# रणधीर सिंह एशियाई ओलंपिक परिषद के अध्यक्ष बने

## यह पद ग्रहण करने वाले पहले भारतीय

**नई दिल्ली।** अनुभवी खेल प्रशासक रणधीर सिंह रविवार को एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के अध्यक्ष चुने गए। एशियाई संस्था की 44वीं आम सभा में वह एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के पहले भारतीय अध्यक्ष चुने गए। पूर्व भारतीय निशानेबाज रणधीर को एशिया के सभी 45 देशों के शीर्ष अधिकारियों की मौजूदगी में आधिकारिक तौर पर ओसीए अध्यक्ष नामित किया गया। पंजाब के पटियाला के 77 वर्षीय रणधीर खिलाड़ियों के परिवार से ताल्लुक रखते हैं।



रणधीर के चाचा महाराजा यादविंद्र सिंह ने भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेला और आईओसी के सदस्य थे। उनके पिता भलिंद्र सिंह भी प्रथम श्रेणी के क्रिकेटर थे और 1947 से 1992 के बीच आईओसी के सदस्य थे। चार एशियाई खेलों में भाग लेने वाले रणधीर ने 1978 में ट्रैप निशानेबाजी में स्वर्ण, 1982 में कांस्य और 1986 में टीम रजत जीता। उन्होंने कनाडा के एडमोंटन में 1978 के राष्ट्रमंडल खेलों में भी भाग लिया।

### खेल प्रशासन में लंबा अनुभव रहा

रणधीर ने 1987 में खेल प्रशासन में प्रवेश किया, जब उन्हें भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) का महासचिव नियुक्त किया गया और वह इस पद पर 2012 तक रहे। उन्हें 1987 में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के संचालन बोर्ड के सदस्य के रूप में भी नियुक्त किया गया और वह इस पद पर 2010 तक रहे। वह 2010 के दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों के लिए आयोजन समिति के उपाध्यक्ष भी थे। रणधीर को 1991 में ओसीए का महासचिव नियुक्त किया गया था और वह 2015 तक इस पद पर रहे। उसके बाद उन्हें आजीवन उपाध्यक्ष बनाया गया जिस पर वह 2021 तक रहे।

# भारत का सीरिया के खिलाफ मुकाबला, कोच मनोलो का लक्ष्य 'अच्छी फुटबॉल' खेलने पर

**हैदराबाद।** भारत और सीरिया सोमवार को जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में इंटरकॉन्टिनेंटल कप 2024 ट्रॉफी के लिए आमने-सामने होंगे। यह टूनार्मेंट का तीसरा और आखिरी मैच होगा। भारत के नए कोच मानोलो मार्केज को उम्मीद है कि उनकी टीम यह मुकाबला जीतेगी। कोच मानोलो मार्केज ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, यह दोनों टीमों के लिए एक कठिन मैच होगा। यह एक दोस्ताना मैच है, लेकिन जो भी टीम जीतेगी, वो ट्रॉफी अपने नाम करेगी। हम अच्छा खेल दिखाने और टूनार्मेंट जीतने की उम्मीद रखते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि टीम का असली लक्ष्य अच्छा फुटबॉल खेलना है, और नतीजे अपने आप आएंगे। उन्होंने आगे कहा, अगर आप मुझसे पूछें, तो मैं टूनार्मेंट जीतने से ज्यादा अच्छा खेलना पसंद करूंगा। मैं 1-0 से हाथ से गोल करके जीतना नहीं चाहता। मैं चाहता हूं कि हमारी टीम हमारी रणनीतियों को समझे और बेहतर खेले,





क्योंकि आखिरकार यह जीत या हार की बात नहीं है।

हमें एक खास खेल शैली तक पहुंचना है और इसी पर हम ध्यान दे रहे हैं। जाहिर है, जब आप जीतते हैं तो आत्मविश्वास बढ़ता है, और तब आगे का रास्ता आसान हो जाता है। लेकिन फिलहाल हमारा ध्यान इस बात पर है कि हमें यकीन हो जाए कि हम सभी टीमों के साथ मुकाबला कर सकते हैं। जब आपके पास अभ्यास के लिए समय होता है, तो सफलता की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। भारत ने इस प्रतियोगिता की शुरूआत मंगलवार को मॉरीशस के खिलाफ 0-0 की बराबरी के साथ की थी।

# अरीना सबालेंका ने यूएस ओपन महिला एकल का खिताब जीता

## फाइनल में जेसिका पेगुला को लगातार सेटों में हराया



बेलारूस की अरीना सबालेंका ने अमेरिकी ओपन महिला एकल का खिताब जीत लिया है। यह पहली बार है जब उन्होंने अमेरिकी ओपन का खिताब जीता है। यह उनका तीसरा ग्रैंडस्लैम खिताब है। इससे पहले वहह 2023 और 2024 में ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता था। इसके अलावा वह 2021 और 2023 में विंबलडन और 2023 में फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। उनकी मौजूदा रैंकिंग नंबर दो है। सबालेंका ने फाइनल में अमेरिका की जेसिका पेगुला को लगातार सेटों में 7-5, 7-5 से शिकस्त दी। आज पुरुष एकल का सेमीफाइनल यानिक सिनर और टेलर फ्रिट्ज के बीच खेला जाएगा।





दूसरे सेट में एक वक्त पेगुला ने 3-0 की बढ़त ले थी और उन्होंने फिर 5-3 की बढ़त भी बनाई थी। सेट जीतने के लिए बस एक और पॉइंट हासिल करने की जरूरत थी। हालांकि, सबालेंका ने जबरदस्त वापसी की और टाई ब्रेकर में 7-5 से अपने नाम किया। दोनों सेट सबालेंका ने टाई ब्रेकर में ही जीते। बेलारूस की 26 वर्षीय सबालेंका ने 40 विनर्स लगाए और 2016 में एंजेलिक कर्बर के बाद एक ही सीजन में दो हार्डकोर्ट मेजर पर कब्जा करने वाली पहली महिला बन गईं। सबालेंका 2023 में फाइनल में कोको गॉफ से हार गई थीं।

इस मैच को देखने के लिए कोर्ट में करीब 23 हजार दर्शक मौजूद थे। इनमें पेरिस ओलंपिक 100 मीटर स्वर्ण पदक विजेता नोआ लायल्स, एनबीए स्टार स्टीफ करी और पूर्व फॉर्मूला-1 विश्व चैंपियन लुईस हैमिल्टन जैसे दिग्गज शामिल थे। ज्यादातर लोग अमेरिका की पेगुला का समर्थन कर रहे थे, लेकिन 30 वर्षीय पेगुला विश्व नंबर दो के जबरदस्त सर्व और शॉट्स के आगे बेबस दिखीं। सबालेंका की जीत के बाद आर्थर ऐश स्टेडियम में मौजूद दर्शकों ने उनके लिए खड़े होकर तालियां बजाईं।

पेगुला ने दुनिया की नंबर एक इगा स्वियातेक को हराकर टूनार्मेंट से बाहर किया था और फिर सेमीफाइनल में कैरोलिना मुचोवा को हराया था। सबालेंका ने अपने पहले मैच में पी होन को 6-3, 6-3 से हराया था। वहीं, दूसरे मैच में ब्रॉन्जेटी को 6-3, 6-1 से शिकस्त दी थी। फिर तीसरे राउंड के मैच में एलेक्जैंड्रोवा को 2-6, 1-6, 2-6 से हराया था। प्री क्वार्टर फाइनल में सबालेंका ने मर्टेंस को 6-2, 6-4 से और क्वार्टर फाइनल में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग को 6-1, 6-2 से हराया था। सेमीफाइनल में सबालेंका ने 13वीं वरीयता प्राप्त नवारो को 6-3, 7-6 से शिकस्त दी थी। पूरे टूनार्मेंट में उनका दबदबा बना रहा।

# कोरिया और जापान के बीच रोमांचक मैच 5-5 से ड्रॉ

**मोकी (चीन)।** एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 की शुरूआत रविवार को जापान और कोरिया के बीच रोमांचक मैच के साथ हुई। इस मुकाबले के दौरान दोनों टीमों ने कई गोल दागे लेकिन मैच का समापन 5-5 से ड्रॉ के साथ हुआ। कोरिया के लिए जिहुन यांग (3', 38', 53'), जुंगहू किम (31') और ह्योनहोंग किम (58') ने गोल किए, जबकि जापान के लिए नारू किमुरा (7'), काजुमासा मात्सुमोतो (18'), युकी चिबा (25'), युसुके कावामुरा (36') और कोसेई कावाबे (54') ने गोल दागे। पहले क्वार्टर से ही कोरिया ने आक्रामक शुरूआत की और मैच के पहले तीन मिनट में ही पेनल्टी स्ट्रोक हासिल किया। जिहुन यांग ने जापानी गोलकीपर योसेई ओबा को छकाते हुए मैच के तीसरे मिनट में ही 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद जापान ने भी कमबैक करते हुए 7वें मिनट में नारू किमुरा के गोल की मदद से स्कोर बराबर किया।





इसके बाद दोनों टीमों ने स्कोर बोर्ड में लगातार बढ़त बनाई। मैच के अंतिम क्वार्टर में पहुंचने पर स्कोर बोर्ड पर स्कोर 4-3 था, कोरिया के हमले ने उन्हें 53वें मिनट में एक महत्वपूर्ण पेनल्टी कॉर्नर जीतने में मदद की। जिहुन यांग ने तीसरी बार सही निशाना साधते हुए बराबरी का गोल दागा। लेकिन टीम के डिफेंस की खामियां उन पर भारी पड़ी और इस गोल के अगले ही मिनट में विरोधी टीम ने फिर बढ़त हासिल की। अंतिम हूटर बजने में सिर्फ तीन मिनट बचे थे, कोरिया ने लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए। ह्योनहोंग किम ने कोरिया के लिए पांचवां गोल करने के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया और इस तरह जापान को सफलतापूर्वक ड्रॉ पर रोक दिया और अंक दोनों टीमों में बांटे गए।

# तेज गेंदबाजों की बदौलत इंडिया बी ने इंडिया ए पर 76 रन से जीत दर्ज की

**बेंगलुरु।** तेज गेंदबाज यश दयाल, मुकेश कुमार और नवदीप सैनी ने मिलकर सात विकेट चटकाए, जिससे इंडिया बी ने रविवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के मैच में इंडिया ए पर 76 रन से जीत दर्ज की। सुबह आकाश दीप और खलील अहमद की आक्रामक गेंदबाजी के कारण इंडिया बी के अंतिम चार विकेट केवल 34 रन ही जोड़ पाए, जिससे टीम 42 ओवर में 184 रन पर आउट हो गई। आकाश ने 5-56 के साथ मैच में अपने कुल नौ विकेट पूरे किए, जबकि खलील ने 69-3 विकेट चटकाए, जिससे इंडिया ए को 275 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य मिला। पीछा करते हुए इंडिया ए ने सकारात्मक इरादे दिखाए और रियान पराग ने तेज गेंदबाजों के खिलाफ शानदार शॉट लगाए और केवल 18 गेंदों पर 31 रन बनाए। लेकिन बाएं हाथ के तेज गेंदबाज दयाल ने उन्हें, मयंक अग्रवाल और ध्रुव जुरेल को आउट करके भारत ए को बैकफुट पर धकेल दिया। केएल राहुल ने 57 रन बनाए और कुलदीप यादव ने 14 रन की पारी खेली तथा आकाश ने 42 गेंदों में 43 रन की तूफानी पारी खेली, लेकिन इसके बावजूद भारत ए चौथे दिन का खेल समाप्त होने से एक घंटा पहले 198 रन पर आउट हो गई और भारत बी को छह अंक मिले। 150/6 के स्कोर और 240 रनों की बढ़त के साथ आगे बढ़ते हुए, भारत बी चौथे दिन 10 ओवर बाद ही ढेर हो गया, जब आकाश ने आर साई किशोर को विकेट के पीछे कैच कराया, इसके बाद उन्होंने वाशिंगटन सुंदर का ऑफ स्टंप उखाड़ा और नवदीप सैनी को विकेट के पीछे कैच कराकर अपना पांच विकेट पूरे किये , जबकि ध्रुव जुरेल ने पारी में सात कैच पूरे किए। दयाल ने नौ गेंदों में 16 रन बनाए, इसके बाद खलील के खिलाफ मिड-ऑफ पर आउट होकर भारत बी की पारी का तेजी से अंत किया। 275 रनों के बचाव में, इंडिया बी को शुरूआती सफलता मिली, जब मयंक अग्रवाल को दयाल की गेंद पर स्लिप में कैच आउट कराया गया। पराग ने शॉर्ट-आर्म जैब और पुल के जरिए शुरूआत में ही लेंथ चुनकर तीन छक्के और एक चौका लगाकर शानदार आक्रामक इरादे दिखाए। लेकिन दयाल ने राउंड द विकेट से गेंद को आगे बढ़ाया और पराग को आउट कर दिया , क्योंकि गेंद पीछे की ओर हल्का सा किनारा लेकर कीपर के पास चली गई। गिल खराब फॉर्म में दिखे और 16 रन पर आउट भी हुए, लेकिन फिर उन्होंने बड़ा ड्राइव करने की कोशिश की और गेंद पीछे कीपर के पास चली गई, क्योंकि सैनी ने मैच में दूसरी बार उन्हें आउट किया। इंडिया बी की जीत की संभावना तब और बढ़ गई, जब पहले सेशन में जुरेल और तनुश कोटियन दोनों शून्य पर आउट हो गए, इसके बाद शिवम दुबे ने नीतीश कुमार रेड्डी की गेंद पर शॉर्ट कवर पर गेंद को आगे की ओर उछाला। राहुल ने 99 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और कुलदीप के साथ 17 ओवर तक चली साझेदारी की। लेकिन सात चौकों की मदद से 57 रनों की उनकी पारी तीसरे सेशन में समाप्त हो गई, जब मुकेश की गेंद पर बैकफुट से कट करने के उनके प्रयास ने कीपर को कैच दे दिया। परिणाम पहले से तय था, आकाश ने तीन चौके और चार छक्के लगाए और अपरिहार्य को टाल दिया। लेकिन एक बार जब वह क्रीज से बाहर भटकते हुए शॉर्ट लेग से मुशीर द्वारा रन आउट हो गए, तो मैच इंडिया बी के पक्ष में हो गया।



# बारिश ने धोई पुरानी दिल्ली 6 की फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें : कोच विजय दहिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अरूण जेटली स्टेडियम में चल रहे दिल्ली प्रीमियर लीग का दूसरा सेमीफाइनल बारिश की भेंट चढ़ गया, और पुरानी दिल्ली 6 बिना एक भी गेंद खेले बाहर हो गई। हालांकि टीम के कोच विजय दहिया ने खिलाड़ियों की हौसला आफजाई की और टीम के यहां तक के सफर को बहुत शानदार बताया। साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स और पुरानी दिल्ली 6 के बीच होने वाला यह सेमीफाइनल 2 शनिवार को बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। पुरानी दिल्ली 6 जो टूनार्मेंट में काफी अच्छी दिख रही थी, उसे अब ट्रॉफी के लिए अगले सीजन का इंतजार करना पड़ेगा। इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पुरानी दिल्ली 6 के कोच विजय दहिया ने कहा कि, खिलाड़ी फाइनल में पहुंचकर ट्रॉफी जीतना चाहते थे, लेकिन मौसम को कुछ और ही मंजूर था। खैर जो होना था वो हो गया पर हमारा वादा है कि पुरानी दिल्ली 6 अगले सीजन में और मजबूत होकर वापस आयेगी। उन्होंने आगे कहा कि, टीम पूरी तरह से तैयार थी और हम किसी भी हाल में मैच खेलना चाहते थे, फाइनल में अपनी जगह बनाना चाहते थे और ट्रॉफी घर लाना चाहते थे, लेकिन मौसम की योजना के आगे इंसान का क्या बस। हालाँकि टूनार्मेंट के दौरान मैं अपनी टीम के प्रदर्शन से पूरी तरह से संतुष्ट हूं। टीम ने अपनी गलती से सीखा और उसे सुधारा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि हम अगले सीजन में और भी ज्यादा ताकत के साथ लौटेंगे। वहीं पुरानी दिल्ली 6 के मालिक आकाश नांगिया भी काफी निराश दिखे। उन्होंने कहा, इस तरह से बाहर हो जाना काफी निराशाजनक है, हालांकि टीम ने कोई कमी नहीं छोड़ी, सभी लड़के एकजुट होकर मजबूती के साथ लड़े, जो मेरे लिए गर्व की बात है। देखा जाए तो टीम का यह सीजन भी काफी शानदार रहा, खिलाड़ियों ने अपना सब कुछ दिया और मेरे लिए यही सबसे ज्यादा मायने रखता है। अंत में बस यही कहूंगा कि हम फिर से संगठित होंगे और इस सीजन में कमाए गए अपने अनुभव के साथ अगले सीजन में एक मजबूत दृढ़संकल्प के साथ लौटेंगे।



# गोल से पाकिस्तान को 2-2 से बराबरी पर रोका

**मोकी (चीन)।** हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के शुरूआती दो मैच रोमांचक ड्रॉ पर समाप्त हुए। कोरिया ने दिन के पहले मैच में जापान को 5-5 गोल से बराबरी पर रोका, लेकिन रविवार को मलेशिया ने आखिरी क्षणों के गोल से पाकिस्तान को 2-2 से बराबरी पर रोका। नवनियुक्त मुख्य कोच ताहिर जहान के मार्गदर्शन में खेलते हुए पाकिस्तान ने पहले क्वार्टर में आक्रामक खेल दिखाते हुए अपने अभियान की शानदार शुरूआत की। हालांकि मलेशिया ने अपने डिफेंस को मजबूत रखा और गोल पर सफल शॉट नहीं लगने दिए, लेकिन पहले हूटर के लिए कुछ सेकंड बचे होने पर सर्कल में उल्लंघन के कारण पाकिस्तान को पीसी मिल गया। हालांकि, चार रीटेक के बावजूद, उनके स्टार ड्रैग फ्लिकर अबू महमूद मलेशियाई रशर्स को भेद नहीं पाए। 24वें मिनट में पीसी हासिल करने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पीसी से पहले जमान द्वारा महमूद को दिए गए कुछ त्वरित सुझावों ने उन्हें पेनल्टी कॉर्नर अटैक में बदलाव करने के लिए प्रेरित किया, जिसके कारण सुफयान खान ने गोल किया और पाकिस्तान को 1-0 की महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई।

## शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर 70 करोड़ ठगे

# पैसा मांगने पर विदेशी कुत्तों से कटवाते, इवेंट में अपने आदमी को देते करोड़ों का चेक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद से STF यूनिट मेरठ ने शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे के नाम पर 70 करोड़ रुपए ठगने वाले दो आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार किया है। ये दोनों आरोपी ठगी करके बैंकॉक भाग गए थे। कुछ दिनों पहले ही वहां से वापस लौटे थे। अब फिर से इनका प्लान एक नई कंपनी खोलकर ठगी करने का था। उससे पहले ही ये STF के हत्थे चढ़ गए। दोनों को नोएडा की सेक्टर-63 थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। पूछताछ में पता चला कि जो इनसे पैसे मांगता था, उनके पीछे विदेश कुत्ता दौड़ा देत थे, जिसने कई लोगों को काटा है।



### नोएडा-गाजियाबाद में 3 कंपनियां खोली

STF अधिकारियों ने बताया- ये दोनों व्यक्ति पब्लिक को शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देते हैं। उनसे पैसा निवेश कराते हैं। जब ज्यादा पैसा जमा हो जाता है तो कंपनी बंद करके भाग जाते हैं। फिर यही काम दूसरी जगह नई कंपनी खोलकर करते हैं। इन्होंने कल्प वृक्ष ट्रेडिंग मास्टर टेक्नोलॉजी प्रा.लि नाम से नोएडा के सेक्टर-63, हाट सिक्योरिटी लिमिटेड व आयुर्वेद इंडिया लिमिटेड नाम से गाजियाबाद में ट्रेडिंग फर्म खोली थीं। यहां इन्होंने लोगों से करोड़ों रुपया इन्वेस्ट कराया और भाग गए।

### वसुंधरा की मोहन मिकन सोसाइटी से हुई गिरफ्तारी

STF के अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने बताया- पकड़े गए आरोपी विनोद कुमार धामा और रविंदर उर्फ नवाब निवासी बागपत हैं। दोनों की गिरफ्तारी गाजियाबाद के इंदिरापुरम में वसुंधरा सेक्टर-5 के मोहन मिकन सोसाइटी के फ्लैट से हुई है। इनसे 6 मोबाइल और कंपनी के अकाउंट नंबर व अन्य डॉक्यूमेंट रिकवर हुए हैं।

दोनों आरोपियों पर नोएडा के थाना सेक्टर-63, राजस्थान के उद्योग नगर सीकर में मुकदमे दर्ज हैं। हैदराबाद के सेंट्रल क्राइम स्टेशन में भी प्राइस चीट्स एंड मनी सकुर्लेशन स्कीम बैनिंग एक्ट का एक केस दर्ज है।

### पैसा मांगने वाले लोगों के पीछे दौड़ा देते थे विदेशी कुत्ता

दोनों आरोपियों के खिलाफ नोएडा के थाना सेक्टर-63 में 200 से ज्यादा शिकायतें पहुंची हुई हैं। ठगी की कमाई से आरोपियों ने कई जगह प्रॉपर्टी खरीद रखी हैं।

ठगी के शिकार लोग जब आरोपियों के बागपत स्थित घर पर पैसा मांगने के लिए पहुंचते थे, तो आरोपी उनके पीछे अपना विदेशी नस्ल का कुत्ता दौड़ा देते थे। खुद पीड़ित लोगों ने ये बात STF अधिकारियों को बताई है।

### कई स्कीम चलाई, लेकिन ठगी का तरीका एक जैसा

इन आरोपियों ने नोएडा, दिल्ली और गाजियाबाद में हैलो टैक्सी, लिफो मार्ट, ट्रेडिंग मास्टर, क्रिशा इनकैप ब्रोकर हाउस, कल्पवृक्ष ट्रेडिंग मास्टर और माया वॉल्ट नाम से कई प्रोजेक्ट चलाए। सभी में ठगने का तरीका एक था। 10 हजार रुपए इन्वेस्ट करिए और कुछ महीनों बाद 14 हजार रुपए वापस कर दिए जाएंगे। मोटी कमाई के झांसे में आने वाले लोगों ने कई-कई लाख रुपए इन्वेस्ट कर दिए। शुरूआत में उन्हें फायदा मिला, लेकिन बाद में पैसा आना बंद हो गया। तब जाकर ठगी का एहसास हुआ।

### 5 पॉइंट में समझिए ठगी का सिंडिकेट

- विनोद धामा ने शेयर ट्रेडिंग का काम करने वाली अमेरिकन कम्पनी एम-वे में कुछ दिनों काम किया था। यहां पर उसने ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग का काम सीखा।
- वर्ष 2022 में विनोद धामा ने साथियों संग मिलकर नोएडा सेक्टर-63 में ऑनलाइन ट्रेडिंग के लिए कल्प वृक्ष ट्रेडिंग मास्टर टेक्नोलॉजी प्रालि एवं ट्रेडिंग मास्टर कम्पनी बनाकर रजिस्टर्ड करायी। इसका मालिक विनोद धामा, प्रवीण धामा उर्फ सोनू तथा डायरेक्टर विनोद धामा व रोहित खान थे।
- इसके अलावा विनोद धामा ने एक ट्रेडिंग बोट मास्टर नितेश नामक व्यक्ति से पांच लाख रुपए में ऑनलाइन खरीदी थी। इसके माध्यम से ऑनलाइन ऑटोमैटिक ट्रेडिंग होती थी।
- इस गैंग ने ज्यादा से ज्यादा पैसा निवेश करने पर हर महीने 10 से 15 प्रतिशत ब्याज देने का प्रलोभन लोगों को दिया था। कुछ लीडर बनाए गए। उन्हें ID बनाकर टारगेट दिया। फिर उन लीडरों ने तमाम लोगों से पैसा निवेश कराया।
- निवेशकों को 3 से 4 महीने तक कुछ पैसा रिफंड किया गया। इसके बाद ट्रेडिंग कंपनियां बंद हो गईं।




### होनी है जिन्दाबाद बनेगा समाजवाद ही ई रिक्शा चालको की आवाज

सड़को पर ई रिक्शा के चलने पर पाबंदी लग गई है। तर्क ये है कि सड़को पर जाम लग रहा है। पहले एक रोड पर बंद हुये अब दूसरी रोड का नंबर है। कहने वाले ने कहा कि आप ये देखो कि पब्लिक का कोई आदमी अपनी पीड़ा को लेकर सरकार वाले नेताओं के पास जाना ही नही चाहता। एक दौर था जब कूड़ा चुगने वालो की आवाज बनकर सुनील शर्मा नगर निगम में पहुंचे थे प्रर्दशन के लिये। एक दौर था जब रिक्शा चालकों ने रैली निकाली थी और सुरेंद्र मुन्नी ने इसका नेतृत्व किया था। एक बार फिर ये शांति बता रही है कि कोई तो क्रांति आ रही है। आम आदमी पार्टी क्या ई रिक्शा चालको की आवाज बनेगी। कांग्रेस क्या इस लड़ाई को लड़ेगी या आजाद समाज पार्टी इस मुदद्दे को उठायेगी। कहने वाले ने कहा कि आप देखते रहना ई रिक्शा की लड़ाई लड़ने सपा की साईकिल आयेगी। होनी है फिर से जिन्दाबाद और समाजवाद बनेगा इनकी आवाज।

### फूल वाले क्यों रख रहे हैं आपस में ही एक दूसरे पर इतनी नजर

वैसे तो फूल वालो का ही शहर है, फूल वालों की ही लहर है मगर ऐसा क्या है कि फूल वाले विपक्ष वालों पर नजर रखने के बजाय एक दूसरे पर नजर रख रहे हैं। देवतुल्य ने ही पुराने भाजपाई से कहा कि हमने कितने सदस्य बनाये हैं ये हम अपनी रिपोर्ट में बता देगें लेकिन हमारे ही मडंल वाले एक पदाधिकारी ने फोन कर कर के पूछा है कि हमने किसे किसे बनाया। वही एक पार्षद को इस बात से दिक्कत हैं कि पड़ोस वाले वार्ड का पार्षद अपने काम से काम क्यों नही रखता है। मेरे वार्ड में हो रहे निर्माण पर पता नही वो क्यों नजर रखता हैं। नजर रखने का खेल केवल मेल तक ही सीमित नही हैं और इस खेल में फीमेल खेमा भी पूरी अपडेट के साथ चल रहा है। उनके पास तो इस बात की भी डिटेल हैं कि किसने किससे कब मुलाकात की है। वो भी नजर इस बात पर रख कर चल रही हैं कि किसकी किससे कितनी सियासी फेवर वाली दाल गल रही है।

### सासंद ने ताबड़तोड़ चला कर अभियान कर दिया सब को हैरान

शहर में होने वाली उपचुनाव वाली कहानी में सांसद जी नया मोड़ ले आये हैं। कोई यहां मेंबर बना कर दावेदारी करता उससे पहले सासंद जी ही फुल्ली विधायक वाले मोड में आ गये हैं। वो बाजारों में हैं, वो गली में हैं, वो मौहल्ले में हैं और मिस्ड काल से पूरा माहौल बना रहे हैं। सियासी नब्ज पकड़ने वालों ने कहा भी कि जिन्होने दावेदारी को लेकर हाय तौबा मचा रखी है वो क्यों सदस्यता अभियान में आगे नही आ रहे हैं। नब्ज पकड़ने वालों ने कहा कि आप जानते नही हैं उनका अदांज। आप को अदांज भी नही होने देगें और वो यहां अभियान से किसी को नबंर नही लेने देगें। उनका स्टाईल छा गया है और वो शहर में अपने ही अदांज में आ गये हैं। दावेदारों को अलर्ट हो जाना चाहिये और उन्हे भी मेंबर बनाने चाहिये। वैसे जब तक वो अलर्ट होगें तब तक तो मिस्डकाल लग जायेगी।

## स्कूल में बच्ची से छेड़खानी करने वाला आरोपी दबोचा

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर-24 क्षेत्र में सेक्टर-12 स्थित मॉडर्न स्कूल में 6 साल की बच्ची से छेड़छाड़ मामले में पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी ने ही स्कूल में काम करते समय बच्ची के साथ छेड़खानी की थी। पुलिस इस मामले में पूर्व में बच्ची की क्लास टीचर, हेड मिस्ट्रेस और ठेकेदार समेत 4 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इस मामले में पूर्व में पुलिस ने घटना को छुपाने को लेकर क्लास टीचर सरिता सुनेजा, हेडमिस्ट्रेस प्रीति शुक्ला, सुपरवाइजर बसंत पांडे और ठेकेदार मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया था। जबकि आरोपी मजदूर फरार चल रहा था। पुलिस ने जांच के दौरान शनिवार को शिमला पार्क के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान कालू ठाकुर उर्फ आमिर पुत्र काले खां निवासी फतेहाबाद जनपद फिरोजाबाद के रूप में हुई है।

# भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर चलाया गया अटल पर्व सदस्यता अभियान

## भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने खोड़ा मकनपुर मंडल गाजियाबाद में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा द्वारा संचालित सदस्यता अभियान में गाजियाबाद एक बड़े लक्ष्य को लेकर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता जी जान से जुटे हैं। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने सदस्यता अभियान की बैठक के दौरान बताया कि देश के भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में पार्टी ने महानगर में रविवार को अटल पर्व के रूप में सदस्यता अभियान चलाया। जिसके तहत अधिकांश कार्यकर्ता अपने बूथ पर रहकर 100 सदस्य बनाने की मुहिम में जुटे रहे। हर पदाधिकारी को सभी वर्ग में और बस्तियों में जाकर सदस्यता दिलाने का निर्देश पहले ही दे दिया था।

### भाजपा का सक्रिय सदस्यता अभियान 16 से 31 अक्तूबर तक चलेगा : संजीव शर्मा

उन्होंने कहा कि महानगर में हमारे द्वारा 5 लाख सदस्य बनाने के लिए लक्ष्य तय किया गया है। जिसे युवाओं, महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं के बीच जाकर पार्टी के पदाधिकारीयों को घर घर जाकर सदस्य बनाने का काम सुचारु चलाते रहना है। संजीव शर्मा ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान का प्रथम चरण 25 सितंबर तक चलेगा। दूसरा चरण एक अक्तूबर से 15 अक्तूबर तक चलेगा।

### सदस्यता अभियान में पदाधिकारी एकजुटता के साथ कार्य करें : भाजपा महानगर अध्यक्ष

संजीव शर्मा ने कहा कि भाजपा का सक्रिय सदस्यता अभियान 16 से 31 अक्तूबर तक चलेगा। सदस्यता अभियान में सभी पदाधिकारी एकजुटता के साथ कार्य करें। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि सदस्यता अभियान में प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए बूथ के सभी कार्यकर्ता सहयोग करें। संजीव शर्मा ने खोड़ा मकनपुर मंडल गाजियाबाद में भाजपा सदस्यता अभियान 2024 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की वहां उपस्थित कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए सदस्यता अभियान को गति दी। इस दौरान भाजपा खोड़ा मकनपुर मंडल अध्यक्ष जयपाल पुंडीर व उनकी समस्त टीम व जन जन को संजीव शर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## हापुड़ में गैस एसेंजी के पास दिखा तेंदुआ: ग्रामीणों में दहशत

**हापुड़।** हापुड़ जिले के धौलाना थाना क्षेत्र के करणपुर मोड़ पर स्थित गैस एसेंजी के पास तेंदुए का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से इलाके में दहशत फैल गई है। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर तेंदुए की खोज में जुटी है, लेकिन फिलहाल कोई ठोस सुबूत नहीं मिले हैं। हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के बाद अब धौलाना थाना क्षेत्र के करणपुर मोड़ के पास तेंदुए का वीडियो वायरल होने से ग्रामीणों में डर का माहौल है। शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो में तेंदुआ खेतों की ओर जाते हुए नजर आ रहा है। वीडियो के वायरल होते ही आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची और जांच शुरू की। हालांकि, अभी तक तेंदुए के वहां होने के कोई ठोस प्रमाण नहीं मिल सके हैं।




### चर्चा में है किस प्रभारी का गुप्त वाला मामला

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्रों के बीच से एक चर्चा निकल कर आ रही है। सुनने में आ रहा है कि ताज नगरी वाले कांड की तरह कमिश्नरेट में भी एक मामला अंदर ही अंदर चल रहा है। सूत्रों ने बताया है कि एक कमिश्नरेट वाले सिस्टम में थाने के प्रभारी के चाल और चरित्र की चर्चाएं लोकल से लेकर पास वाले कमिश्नरेट में सुनाई दे रही है। सुनने में आया है कि बीते दिनों पुलिस महकमें में एक खास पर्व था लेकिन एक थानेदार ऐसे थे जो वहां से गायब थे। चर्चा है कि थाने से भी एक पुलिसकर्मी ने भी उसी बीच छुट्टी ली थी। इसके बाद बताने वालों ने बताया है कि कमिश्नरेट के एक थाना प्रभारी की गतिविधियों को लेकर उनके ही महकमें के अधिकारी नजरें रखने का काम भी कर रहे हैं। सुनने में आया है कि एक प्रभारी पर उसके घर वाली से लेकर बाहर वाली होने की चर्चा सुनाई दे रही है। उधर विभाग वाले कह रहे हैं कि अभी तक कोई गंभीर प्रकरण सुनाई नहीं दिया है पर पास वाले कमिश्नरेट में एक पुलिसकर्मी की ओर से कोई शिकायती पत्र दिए जाने की बातें सामने आ रही हैं। सुनने में आ रहा है कि कभी अपने अलग स्टाइल तो कभी अपनी लाइफ स्टाइल को लेकर एक कोतवाल लगातार किस्सों में आ रहे हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्रों ने बताया है कि जैसा मामला पेठे वाली सिटी में आया था ऐसा यहां पर भी खुलकर सामने आ सकता है। बताया जा रहा है कि उनके थाने में उनकी कई स्तर पर तकरार और एक खास इलाके की हनक कम नहीं हो रही है। पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि वैसे इलाके में अभी तक उनके द्वारा कोई सराहनीय कार्य नहीं किया गया है यहीं वजह है कि वो अपने काम पर भी फोकस नहीं कर पा रहे हैं। हालाकि आई एक लिस्ट के बाद माहौल थोड़ा बदलने की संभावना है पर नए वालों के साथ क्या वर्किंग रहेगी देखना होगा। वैसे उनके इलाके वाले साहब का ही मैनजमेंट हैं कि तमाम किस्सों व कारनामों पर अभी तक पर्दा पड़ा हुआ है वरना कुछ भी हो सकता था। वहीं उनके इलाके में रात के कारनामे के लिए फेमस स्थान को लेकर भी बातें सुनाई दे रही हैं कि रात वाली लैपर्ड प्रभारी के इशारे पर पूरा मामला सेट किए हुए हैं ऐसा सूत्रों ने बताया है। रात को भले पूरा शहर 10 से बंद होना शुरु हो जाए पर उस खास इलाके के शटर गिरने का कोई समय ही नहीं है।




# आई.टी.एस. (यू.जी. कैंपस) में बी.बी.ए. तथा बी.सी.ए. के नवप्रवेशी छात्रों का तीन दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आई.टी.एस., मोहन नगर, गाजियाबाद में शनिवार को आई.टी.एस गाजियाबाद के स्नातक परिसर में बी.बी.ए पाठ्यक्रम के 29वें बैच तथा बी.सी.ए के 28वें बैच के सत्र 2024-27 के नवप्रवेशी छात्रों के लिए भव्य समारोह के साथ नव सत्र का शुभारम्भ हुआ। इस तीन दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम (प्रारम्भ-2024) का औपचारिक रूप से उद्घाटन आई.टी.एस. द एजुकेशन ग्रुप के निदेशक - पी.आर. सुरिंदर सूद, प्रोफेसर आशुतोष सिंह (निदेशक - आईआईआई भोपाल), एंटोनी सेटर (ऑफरिंग लीडर, क्लाउड सर्विस, आईबीएम, ह्यूस्टन, टैक्सास, यूएसए), राजीव सूता (वाइस प्रेजिडेंट- उषा इंटरनेशनल लि.), कमल डोडेजा (डायरेक्टर- सोलुशन इंजीनियरिंग, एशिया पैसिफिक, ओराकल कारपोरेशन), आईटीएस स्नातक परिसर एवं आई.टी. के निदेशक प्रो. (डॉ.) सुनील कुमार पांडेय, उपप्रधानाचार्य प्रो. नैन्सी शर्मा, बी.बी.ए. पाठ्यक्रम के चेयरपर्सन प्रो. आदिल खान एवं बी.सी.ए. पाठ्यक्रम की चैरपर्सन डॉ. विदुषी सिंह ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

विश्वविद्यालय की छात्राओं को किया गया पुरष्कृत

इस अवसर पर आई.टी.एस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा एवं वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने कहा, हमें अन्य अनावश्यक बातों से दिग्भ्रमित हुए बिना सतत आगे बढ़ने की आवयशकता है। प्रो. (डॉ.) सुनील कुमार पांडेय ने स्वयं पर भरोसा रख कर चुनौतियों का सामना करते हुए भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर आशुतोष सिंह और एंटोनी सेटर, राजीव सूता एवं कमल डोडेजा ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए अपने अनुभव साझा किये। उपप्रधानाचार्या प्रो. नैंसी शर्मा ने तीन दिन चलने वाले ओरिएंटेशन प्रोग्राम की रूपरेखा पर चर्चा की। इसके पश्चात चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के बीबीए में प्रथम स्थान एवं बीसीए में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं एन रेजोइश एवं अदीबा अंजुम को नगद पुरस्कार, प्रमाण पत्र एवं मैडल प्रदान कर पुरष्कृत किया गया।

## गाजियाबाद विधानसभा 56 मंडल प्रताप विहार में लगाया गया सदस्यता अभियान कैम्प



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विधानसभा 56 मंडल प्रताप विहार में सदस्यता अभियान कार्यक्रम कैम्प में उपस्थित लोगों को जोड़कर कर अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ प्रत्येक वर्ग के कल्याण और उत्थान हेतु समर्पित भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी गयी।

इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय रिसर्च पॉलिसी के राष्ट्रीय सह -प्रभारी राजेश गुप्ता, ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय रिसर्च पॉलिसी के प्रदेश सह-संयोजक अंगद सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष सुधीर शर्मा, श्रेयांश सहाय, कृष्णा सारस्वत सहित अन्य देवतुल्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। आइए, आप भी टोल फ्री नं- 8800002024 पर मिस्ड कॉल या नमो ऐप के माध्यम से इस राष्ट्रव्यापी अभियान में प्रतिभाग कर विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल का हिस्सा बनकर राष्ट्र उत्थान एवं जन कल्याण में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करें।

# ट्रैफिक पुलिस और पब्लिक समन्वय गोष्ठी का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ट्रैफिक पुलिस और पब्लिक समन्वय गोष्ठी का आयोजन टीम 100 गाजियाबाद एवं फेडरेशन फॉर्म ऑफ आरडब्ल्यूए के द्वारा किया गया। संगोष्ठी में एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन, एसएचओ कविनगर योगेश मलिक, इंस्पेक्टर फायर डिपार्टमेंट शेषनाथ यादव सहित टीम 100 गाजियाबाद के फाउंडर मेंबर अविनाश अग्रवाल, सुनील वेद, गौरव सिंघल, फेडरेशन के अध्यक्ष वीरेश चंद्र सिंह, राजेंद्र गर्ग, यशपाल, आरके गर्ग, संतोष कौशिक, राजू गौतम, राजीव अग्रवाल सहित सैकड़ों वक्ताओं ने ट्रैफिक सिस्टम पर अपना पक्ष रखा। टीम 100 गाजियाबाद के सिटी जोन प्रभारी पंकज शर्मा ने मंच संचालन करते हुए वर्तमान ई रिक्शा समस्या एवं मेट्रो स्टेशन के आसपास ट्रैफिक की समस्या समाधान की मांग रखी। टीम 100 गाजियाबाद द्वारा एसीपी ट्रैफिक को ज्ञापन दिया गया। एसीपी ने सभी उपस्थित बंधुओं की तरफ से उठाए गए सभी बिंदुओं पर प्रकाश डाला और कार्यवाही का आश्वासन दिया। एसएचओ कविनगर मलिक के द्वारा पुलिस लाइन में ट्रैफिक नियम लागू करने के संबंध में एक शैक्षिक मीटिंग करने का प्रयास करने की बात कही। एसीपी ट्रैफिक द्वारा समय-समय पर ऐसी गोष्ठी किए जाने के लिए टीम 100 गाजियाबाद का धन्यवाद दिया। गोष्ठी में मनीष शर्मा एडवोकेट, सोनू आनंद एडवोकेट, प्रदीप कुमार एडवोकेट, गंगाशरण बबलू एडवोकेट, विकास कुमार, राजेंद्र अग्रवाल, जसपाल सहित सैकड़ों टीम 100 के सदस्यों ने भागीदारी की।





## धूं-धूं कर जली बाइक कुछ ही देर में हो गई राख

**हापुड़।** थाना सिंभावली क्षेत्र के पुराने नेशनल हाईवे पर जनता जूनियर हाई स्कूल के पास सड़क किनारे खड़ी बाइक में अचानक आग लग गई। आग लगने से बाइक थोड़ी ही देर में जलकर राख हो गई। गनीमत रही कि बाइक सवार अलग खड़ा था, बाइक में आग लगने से आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया।

जिला गाजियाबाद के थाना मसूरी के गांव नाहल का रहने वाला नदीम सिंभावली के गांव वैठ आया था। गांव से वापस लौटते समय हल्की बूंदा-बांदी होने लगी, तो चालक में सड़क किनारे खड़ी कर एक दुकान में खड़ा हो गया। अचानक कुछ देर बाद बाइक के अगले हिस्से से धुआं निकलने लगा और पेट्रोल की टंकी ने आग पकड़ ली। आग लगने से बाइक धू-धू कर जल जलने लगी और कुछ ही समय में आग से जलकर बाइक राख हो गई। आग लगने से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि बाइक सवार अलग खड़ा था, अन्यथा बड़ा हादसा भी हो सकता था।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Azad Singh is with Arun Mehra and 99 others.
Just now

अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री श्री प्रदीप चौहान वाल्मीकि को नन्ही सी परी के दादा बनने कीअनंत बधाई शुभकामनाएं

अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा प्रदेश प्रवक्ता आजाद सिंह वाल्मीकि



गाजियाबाद, करंट क्राइम। बीजेपी अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री प्रदीप चौहान के घर नन्हीं परी आई है। प्रदीप चौहान को दादा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। खुशियों ने उनके घर पर दस्तक दी है। बधाई शुभकामनाए आशीर्वाद शुभाशीष की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# चीन-वियतनाम में चक्रवाती तूफान ने मचाया कहर : 8 की मौत, 170 घायल










## 10 लाख लोग निकाले गए, 8 लाख घरों की बिजली हुई गुल

**हांगकांग/हनोई।** चीन के हैनान प्रांत में शक्तिशाली चक्रवात यागी की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम 92 अन्य घायल हो गए। वहीं, वियतनाम में इस चक्रवाती तूफान से चार लोगों की मौत हो गई और 78 अन्य घायल हो गए हैं। इन घायलों में से कई लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है, इसलिए मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है।

वियतनामी मौसम विज्ञानियों द्वारा यागी तूफान को पिछले दशक में इस क्षेत्र के सबसे शक्तिशाली तूफानों में से एक के रूप में वर्णित किया है। यह तूफान चीनी प्रांत में कहर ढाते हुए दक्षिण पूर्व एशियाई देश में पहुंच गया। चीन में चक्रवात से भारी बारिश और हवाओं के कारण 8 लाख से अधिक घरों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। चक्रवात यागी शनिवार को टोंकिन की खाड़ी के ऊपर से उत्तरी वियतनाम की ओर बढ़ा। यागी, इस साल का 11वां तूफान है जो चीन के समुद्र तट से टकराया है।

**यागी, इस साल का 11वां तूफान है जो समुद्र तट से टकराया**

**कई जगह दिखे तबाही के निशान :** हैनान मौसम विज्ञान सेवा के अनुसार, यागी तूफान के केंद्र बिंदु के पास लगभग 245 किमी प्रति घंटा (152 मील प्रति घंटे) की रफ्तार से हवाएं चल रही थीं। वर्ष 1949 से 2023 तक, 106 तूफान हैनान में आए, लेकिन केवल नौ को ही बड़े तूफान के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए। तूफान के चलते कई जगह तबाही के निशान देखे जा रहे हैं। कच्चे घर जहां गिर गए हैं वहीं पेड़ और खंभे जमीन पर गिर गए। वियतनाम की सरकारी मीडिया की खबर के मुताबिक, तूफान ने वियतनाम के तटीय प्रांतों क्वांग निन्ह और हैफोंग में 149 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दस्तक दी। तूफान के टकराने से पहले तेज हवाओं के कारण एक पेड़ गिर गया, जिससे राजधानी में एक महिला की मौत हो गई। तूफान के टकराने से पहले क्वांग निन्ह प्रांत में स्थित वैश्विक विरासत स्थल पर सैकड़ों क्रूज का संचालन रद्द कर दिया गया। तूफान के कारण क्वांग निन्ह और थाई बिन्ह प्रांतों के बड़े हिस्से में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है।

**बिजली बहाली के लिए 2,200 से ज्यादा कर्मचारियों लगाए गए**

तूफान यागी के दक्षिण चीन के द्वीपीय प्रांत हैनान तट पर भारी बारिश और तेज हवाओं के साथ टकराने के कारण चार लोगों की मौत हो गई और 95 अन्य घायल हुए हैं। वहीं, हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए मजबूर होना पड़ा। यागी, इस साल का 11वां तूफान (टाइफून) है जो शुक्रवार को चीन के समुद्र तट से टकराया। इसने पहले हैनान में दस्तक दी और फिर गुआंगडोंग प्रांत पहुंचा। सुपर टाइफून यागी ने भारी बारिश और तेज हवाओं के साथ दक्षिण चीन में तबाही मचाई है।

### कारगिल युद्ध : भारत के दावे की हुई पुष्टि

# पाकिस्तानी सेना ने पहली बार कारगिल के युद्ध में शामिल होने की मानी बात

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना ने पहली बार भारत के खिलाफ कारगिल युद्ध में शामिल होने की बात मानी है। सेना ने कहा कि उसके कई जवान इस युद्ध में मारे गए थे। भारत शुरू से ही कहता रहा है कि कारगिल युद्ध में पाकिस्तानी सेना शामिल थी। लेकिन पाकिस्तान आधिकारिक तौर पर अपनी भूमिका स्वीकारने से बचता रहा है।




## सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर किया स्वीकार

### लंबे समय पाकिस्तान के झूठ का पर्दाफाश

पाकिस्तान के रक्षा दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम में सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने कहा कि चाहे वह 1948, 1965, 1971 या 1999 का कारगिल युद्ध हो, हजारों सैनिकों ने देश और इस्लाम के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। सेना प्रमुख का यह बयान पाकिस्तान की लंबे समय से चली आ रही आधिकारिक झूठ से हटकर है। पाकिस्तान अब तक यही कहता रहा है कि कारगिल की लड़ाई में कश्मीरी आतंकी शामिल थे, जिन्हें वह मुजाहिदीन बताता है।

अब सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने साफतौर पर स्वीकार किया है कि कारगिल की लड़ाई में पाकिस्तान के कई सैनिक मारे गए थे। दरअसल, रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कारगिल की पहाड़ियों पर आतंकियों के रूप में पाकिस्तान सेना के जवानों ने ही घुसपैठ किया था। भीषण संघर्ष में भारतीय जवानों ने अपने अदम्य साहस और बहादुरी के साथ उन्हें मार भगाया था।

**भारत के वीर जवानों ने चटाई थी धूल :** भारतीय क्षेत्र पर कब्जा जमाने का पाकिस्तानी सेना का यह दांव उल्टा पड़ा था। उसे अपमानजनक हार का सामना करना पड़ा था। तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने उस समय पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ को कारगिल सेक्टर से अपने सैनिकों को वापस आने का आदेश देने के लिए मजबूर किया था।

### तीन दिन की यात्रा के लिए अमेरिका पहुंचे राहुल गांधी, बोले-

# मैं इस यात्रा के दौरान सार्थक चर्चाओं और व्यावहारिक बातचीत के लिए उत्सुक

**वाशिंगटन।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की अमेरिका यात्रा आज यानी रविवार से शुरू हो गई है। तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत राहुल टेक्सास के डलास पहुंच गए हैं। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'मेटा' पर लिखा, 'मैं इस यात्रा के दौरान सार्थक चचाओं और व्यावहारिक बातचीत में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं। यह दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करेगी।



### ऐसा होगा राहुल का कार्यक्रम

राहुल गांधी 10 सितंबर तक अमेरिका में रहेंगे, वे वॉशिंगटन डीसी और डालस में कई महत्वपूर्ण बैठकों में भाग लेंगे। एक कार्यक्रम के लिए वे टेक्सस विश्वविद्यालय भी जाएंगे। सैम पित्रोदा ने बताया था पूरा कार्यक्रम।

इससे पहले भारतीय प्रवासी कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा ने राहुल के इस दौरे को लेकर बताया था कि लोकसभा में विपक्ष के नेता बनने के बाद राहुल का पहला अमेरिका दौरा है। पित्रोदा ने बताया था कि जब से राहुल गांधी विपक्ष के नेता बने हैं तब से भारतीय प्रवासी अध्यक्ष के तौर पर उन्हें प्रवासी भारतीयों, राजनयिकों, कारोबारी नेताओं और अंतरराष्ट्रीय मीडिया से राहुल गांधी के साथ बातचीत करने के लिए कई अनुरोध मिले थे। इसलिए वे यहां टेक्सास विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षा समुदाय से जुड़े लोगों से मिलेंगे और उनसे बातचीत करेंगे। वहां एक बड़ी सामुदायिक सभा होगी। हम कुछ तकनीकी विशेषज्ञों से भी मिलेंगे और डलास क्षेत्र के नेताओं के साथ रात्रिभोज करेंगे। पित्रोदा ने बताया था कि अगले दिन राहुल गांधी वॉशिंगटन डीसी की यात्रा करेंगे, जहां वे थिंक टैंक, नेशनल प्रेस क्लब और अन्य लोगों के साथ बातचीत करेंगे।

### लोकसभा चुनाव में राहुल दो सीटों से जीते हैं

राहुल गांधी पांच बार सांसद रह चुके हैं और अभी रायबरेली क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जो पहले उनकी मां और कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का निर्वाचन क्षेत्र था। लोकसभा चुनाव में राहुल दो सीटों से जीते हैं, लेकिन उन्होंने केरल की वायनाड सीट से इस्तीफा दे दिया था। इस सीट पर उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा उपचुनाव लड़ेंगी। राहुल गांधी ने पहली 2004 में उत्तर प्रदेश के अमेठी से जीत हासिल कर लोकसभा में प्रवेश किया था।



### हिजबुल्ला की कायराना हरकत

# उत्तरी इस्राइल के रिहायशी इलाके में दागे रॉकेट

**यरुशलम।** इस्राइल-हिजबुल्ला संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार तड़के हिजबुल्ला ने उत्तरी इस्राइल के एक शहर पर रॉकेट दागे। इससे पहले इस्राइल ने लेबनान के एक शहर पर हमला किया। इसमें तीन नागरिक सुरक्षा कर्मियों की मौत हो गई। हिजबुल्ला की ओर से कहा गया कि उसने दुश्मन के हमलों का जवाब देते हुए किरयात शमोना पर रॉकेट दागे। लेबनान के फ्रौन गांव में इस्राइली हमले में तीन लोगों की मौत के जवाब में यह कार्रवाई की गई।

वहीं लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस्राइल ने लेबनान के नागरिक सुरक्षा दल को निशाना बनाया। सुरक्षा दल फ्रौन गांव में लगी आग को बुझा रहा था। इस हमले में तीन नागरिक सुरक्षा कर्मियों की मौत हो गई। जबकि दो अन्य लोग घायल हुए। स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस्राइल के हमले की निंदा की। यह 12 घंटे से कम समय में आपातकालीन टीम पर दूसरा हमला है।

लेबनान के प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने भी इस्राइल के हमले को अंतरराष्ट्रीय कानूनों और मानवीय मूल्यों का उल्लंघन बताया वहीं हिजबुल्ला के सहयोगी अमल मूवमेंट ने बयान जारी किया कि इस्राइल के हमले में उसके भी दो सदस्य मारे गए।

**हमास और इस्राइल बीते 10 महीने से जंग लड़ रहे हैं**

हमास और इस्राइल बीते 10 महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस बीच, इस्राइल और लेबनान के हिजबुल्ला के बीच भी युद्ध छिड़ता दिख रहा है। इस्राइल-हिजबुल्ला के बीच बीते रविवार को संघर्ष हुआ था। जब इस्राइल ने हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमले किए। इसके जवाब में हिजबुल्ला ने भी इस्राइल पर कार्रवाई की।

इस्राइल अधिकारियों के मुताबिक हिजुबल्ला ने अपने कमांडर फुआद शुक्र की हत्या का बदला लेने के लिए हजारों रॉकेटों से उसके प्रमुख खुफिया केंद्र पर हमला करने की योजना बनाई थी, लेकिन इस्राइली रक्षा बलों की सतर्कता से इस पर काबू पाया गया। इसके चलते ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। हालांकि एक इस्राइली सैनिक और लेबनान में तीन लोगों की मौत हो गई।

# सिंगापुर में दिखी भोजपुरी संस्कृति की झलक

## कलाकारों की प्रस्तुतियों ने मोह लिया सबका मन

**मॉरीशस।** मॉरीशस के बाद सिंगापुर में भोजपुरी संस्कृति की झलक देखने को मिली। नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर में भोजपुरी शो मिठास का आयोजन किया गया। इसमें भोजपुरी कलाकारों ने संगीत, नृत्य और नाट्य समेत तमाम सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों ने अपनी प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया। भोजपुरी एसोसिएशन सिंगापुर ने इसे संस्कृति को आगे बढ़ाने की पहल बताया।




भोजपुरी एसोसिएशन सिंगापुर (बीएएस) के अध्यक्ष नीरज चतुवेर्दी ने कहा कि सिंगापुर में करीब 10 हजार से अधिक भारतीय रहते हैं। सिंगापुर में भोजपुरी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए पहली बार भोजपुरी शो का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रवासी विश्व स्तर पर बढ़ रहे हैं। कई प्रोफेशनल्स अपने परिवार के साथ सिंगापुर में रहते हैं। ऐसे परिवारों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने के लिए यह पहल की गई है। कार्यक्रम में कई भोजपुरी परिवारों के बच्चों और कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। अगले साल एक और मेगा शो की योजना बनाई जा रही है।

चतुवेर्दी ने कहा कि विश्व स्तर पर संस्कृति का जश्न मनाना जरूरी है। ताकि विदेश में पल बढ़ रही हमारी अगली पीढ़ी अपनी मातृभूमि और उसकी संस्कृति के बारे में जान सके। इसके लिए और भी प्रयास किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विदेश में बढ़ते भारतीय समुदाय को देखते हुए भोजपुरी संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाने और भोजपुरी गीतों, नृत्यों, नाटकों के आयोजन और कार्यक्रमों के प्रसार की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि भोजपुरी एसोसिएशन सिंगापुर (बीएएस) भोजपुरी कलाकारों को बढ़ावा देने का काम कर रहा है।

# दो दिवसीय दौरे पर यूएई पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर

## भारत-खाड़ी सहयोग परिषद की बैठक में लेंगे भाग

**रियाद।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर रविवार को भारत-खाड़ी सहयोग परिषद की बैठक में भाग लेने के लिए सऊदी अरब पहुंचे। सऊदी अरब की राजधानी रियाद में प्रोटोकॉल मामलों के उप मंत्री अब्दुल मजीद अल स्मारी ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर का स्वागत किया। एस जयशंकर 8-9 सितंबर को सऊदी अरब की यात्रा पर रहेंगे।



**उप मंत्री अब्दुल मजीद अल स्मारी ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर का किया स्वागत**

रियाद पहुंचने के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया पहली भारत खाड़ी सहयोग परिषद की बैठक में भाग लेने रियाद आया हूं। गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए सऊदी अरब के प्रोटोकॉल मामलों के उप मंत्री का धन्यवाद। विदेश मंत्रालय ने बताया कि रियाद में विदेश मंत्री खाड़ी सहयोग परिषद के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के सदस्य देशों के बीच राजनीतिक, व्यापार, निवेश, ऊर्जा सहयोग, सांस्कृतिक क्षेत्र में गहरे संबंध हैं। जीसीसी देशों में करीब 8.9 मिलियन भारतीय प्रवासी रहते हैं।

जीसीसी भारत को प्रमुख व्यापारिक साझेदार है। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को लेकर जीसीसी सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ चर्चा की जाएगी। रियाद के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर 10-11 सितंबर को जर्मनी जाएंगे।

अपनी पहली बर्लिन यात्रा में विदेश मंत्री जर्मन संघीय विदेश मंत्री, जर्मन सरकार के नेतृत्व और अन्य मंत्रियों से मुलाकात करेंगे। जर्मनी और भारत के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी है।

# इमरान खान की रिहाई लिए रैली निकालेगी पीटीआई, इस्लामाबाद में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल से रिहाई की मांग को लेकर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी रैली निकालेगी। सरकार पर दबाव बनाने के लिए हो रही रैली को लेकर इस्लामाबाद में चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं। यहां जगह-जगह पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। साथ ही कई रास्तों को बंद कर दिया गया है।



पीटीआई अध्यक्ष गौहर खान ने बताया कि रैली दोपहर दो बजे से इस्लामाबाद के संगजानी मवेशी बाजार के पास एक मैदान में होगी। हमें इस्लामाबाद जिला प्रशासन ने रैली के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि हम शांतिपूर्ण तरीके से रैली करेंगे। इससे पहले 22 अगस्त को इस्लामाबाद प्रशासन के एनओसी को रद्द करने और सड़को को सील करने के बाद पीटीआई ने अपनी सार्वजनिक सभा को स्थगित कर दिया था। आठ फरवरी को हुए चुनाव के बाद इस्लामाबाद में पीटीआई की यह पहली बड़ी रैली होगी।

रैली को लेकर पाक सरकार ने लोगों को आवाजाही को कम करने और विरोध को रोकने के लिए इंतजाम किए हैं। सड़कों पर कंटेनर लगाकर इस्लामाबाद के प्रमुख रास्तों को बंद कर दिया गया है। इस्लामाबाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को शहर के विभिन्न हिस्सों में तैनात किया गया है। अस्पतालों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। इसके अलावा इस्लामाबाद और रावलपिंडी के बीच मेट्रो बस सेवा पूरी तरह से बंद कर दी गई है।

**राष्ट्रपति ने सार्वजनिक व्यवस्था और शांतिपूर्ण विधेयक पर किए हस्ताक्षर :** पीटीआई की रैली से कुछ घंटे पहले राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने सार्वजनिक व्यवस्था और शांतिपूर्ण विधानसभा विधेयक 2024 पर हस्ताक्षर किए। इसमें अनाधिकृत सभाओं के लिए सख्त कदम उठाए गए हैं। नए कानून में इस्लामाबाद में बिना अनुमति के सभा आयोजित करने पर दंड का प्रावधान है।

# अगले 20 वर्षों में मंगल ग्रह पर शहर बसाने की तैयारी

**वाशिंगटन।** एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स अगले दो वर्षों में मंगल ग्रह पर अपने सबसे बड़े रॉकेट स्टारशिप को भेजने की योजना बना रही है। कंपनी के सीईओ एलन मस्क ने इसका एलान किया है। एलन मस्क ने बताया कि यह बिना क्रू वाला मिशन होगा, जिसमें रॉकेट की मंगल ग्रह पर सुरक्षित लैंडिंग को परखा जाएगा।



मस्क ने कहा कि अगर बिना क्रू वाला यह मिशन सफल रहा तो अगले चार वर्षों में मानव मिशन को मंगल पर भेजा जाएगा। स्पेसएक्स चीफ ने कहा कि सफल मिशन के बाद मंगल मिशन में तेजी लाई जाएगी और सबकुछ सही रहा तो अगले 20 वर्षों में मंगल पर पूरा शहर बसाने की योजना बना रहे हैं। मस्क ने कई ग्रहों पर एक साथ मानवजीवन की संभावना की वकालत की और कहा कि हमें सिर्फ एक ग्रह के भरोसे नहीं रहना चाहिए।

मस्क ने स्पेसएक्स कर्मचारियों को मंगल ग्रह पर शहर बसाने की योजना पर काम शुरू करने का भी निर्देश दे दिया है। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, मंगल ग्रह पर छोटे गुंबदनुमा आवास बनाने की योजना है। एक अन्य टीम मंगल के प्रतिकूल वातावरण से निपटने के लिए स्पेससूट बनाने पर काम कर रही है, जबकि एक मेडिकल टीम इस बात पर शोध कर रही है कि क्या मनुष्य वहाँ बच्चे पैदा कर सकते हैं?




# आरडीसी में हुआ द फिटनेस बार जिम का उद्घाटन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को आरडीसी के बी-21 तथा बी-22 के सैकण्ड फ्लोर में द फिटनेस बार जिम का उद्घाटन हुआ। पूर्व मंत्री राकेश यादव ने इस जिम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता, चेयरमैन विभु गोयल, सौरभ कंसल, भारत, प्रिंयाशु मलिक, राकेश मोहन, अंकु र अग्रवाल, संभव यादव, पिंटू यादव, संदीप सिंघल, सौरव यादव, अलसो बिन्दल आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# जल्द ही क्षेत्र को गंगा जल सप्लाई हेतु जल शक्ति मंत्रालय से की जाएगी वार्ता : सांसद अतुल गर्ग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** साहिबाबाद आरडब्ल्यूए महासंघ गाजियाबाद पूर्व निर्धारित समयानुसार प्रमोद राणा संयोजक के नेतृत्व में जल गंगा वॉटर सप्लाई मांग को लेकर सांसद अतुल गर्ग से मिलकर ज्ञापन दिया व जल संकट पर बात की। सांसद अतुल गर्ग ने उपस्थित आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि जल्द ही क्षेत्र को गंगाजल सप्लाई हेतु जल शक्ति मंत्रालय से वार्ता की जाएगी, ताकि इस समस्या का समाधान किया जा सके। सांसद ने अच्छी तरह हमारी मांग को जाना वह समझा। वार्ता सकारात्मक रही।

## सांसद अतुल गर्ग और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को सौंपा ज्ञापन



## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने मुख्यमंत्री व जल शक्ति मंत्री से वार्ता का दिया आश्वासन

**करंट क्राइम।** इसके पश्चात क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को भी गंगा वाटर सप्लाई हेतु ज्ञापन दिया गया। सुनील शर्मा ने भी बड़े ध्यान से आरडब्ल्यूए महासंघ की गंगा वॉटर सप्लाई की मांग को सुना। सुनील शर्मा ने मुख्यमंत्री व जल शक्ति मंत्री से वार्ता का आश्वासन दिया और उन्होंने गंगा वॉटर सप्लाई के लिए पूरा प्रयास करूंगा का आश्वाशन दिया। आरडब्ल्यूए महासंघ को आशा एवं पूर्ण विश्वास है कि जल्द ही दोनों प्रतिनिधियों का पूर्ण सहयोग रहेगा और इस गंभीर विषय पर कार्य होगा और महासंघ समय-समय पर यह मांग उठाता रहेगा। ज्ञापन कार्यक्रम में जयवीर शर्मा, बीके सिसोदिया वीरेंद्र कुमार, विपिन तलवार, देवेंद्र मलिक, हिमांशु शर्मा, भगवान दास, अमर सिंह, रजनी कुमार, सुजीत, अनुज दीक्षित, नंद किशोर गुप्ता एवं मास्टर आदेश तथा अन्य माननीय सदस्यों ने भारी संख्या में भाग लिया।

# सांसद अतुल गर्ग ने 101 वर्ष के महावीर प्रसाद को बनाया भाजपा का सदस्य

## भाजपा सदस्यता से कोई भी पुराना व्यक्ति छूटे नहीं : सांसद अतुल गर्ग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सांसद अतुल गर्ग ने 'कोई भी पुराना भाजपा सदस्य या व्यक्ति प्राथमिक सदस्य बनने से छूटे ना' वाले मंत्र पर चलते हुए शुक्रवार को पूर्व गृह राज्यमंत्री बालेश्वर त्यागी, 90 साल से अधिक उम्र के वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप तलवार, 101 वर्ष के महावीर प्रसाद को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इन अवसर पर अतुल गर्ग ने कहा कि हम सभी को अपने मित्रों व पड़ोस में सदस्यता अभियान को सघनता से चलाना होगा। 'कोई व्यक्ति छूटे ना' इस मंत्र को ध्यान में रखते हुए लोगों को भाजपा की सदस्यता के लिए प्रेरित करना है। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा के सभी कार्यकर्ता इस अभियान में जुड़े हुए हैं। इस अवसर पर कैप्टन सुबोध गुप्ता, पार्षद नीरज गोयल, प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मेंदी वाले, अंकुर अग्रवाल, दुष्यंत गुप्ता मीडिया प्रभारी, प्रदीप चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने सदस्यता अभियान को नई दिशा देने का किया आह्वान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला कार्यालय कवि नगर के जी 35 गाजियाबाद पहुंचकर जिला अध्यक्ष बाल किशन गुप्ता और उनके साथियों पंडित अशोक भारतीय, पार्षद प्रवीण भाटी, अनिल जुलका, मनोज गुप्ता आदि से मुलाकात करके ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाकर सदस्यता अभियान को नई दिशा देने का आह्वान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने महानगर अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और सदस्यता अभियान में ज्यादा से ज्यादा सहयोग करने का वादा किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से संजीव शर्मा, बालकिशन गुप्ता, पंडित अशोक भारतीय, पार्षद प्रवीण भाटी, अनिल जुल्का, प्रतीक माथुर, अमन कुमार, मनोज गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में खोड़ा मंडल में सदस्यता अभियान को लेकर हुई बैठक





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में रविवार को खोड़ा मंडल में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक हुई जिसमें महानगर अध्यक्ष का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में सभी सम्मानित सभासद, मंडल पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता और सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के सदस्य सम्मिलित हुए। महानगर अध्यक्ष का सदस्यता अभियान को लेकर हम सभी को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अवधेश यादव ने की। बैठक में पूर्व चेयरमैन रीना भाटी, देवेंद्र यादव, देवेंद्र गिरी, रामवीर यादव, अशोक सिंह, भूषण यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष नागेंद्र चौहान, मुकेश गिरी, लक्ष्मण सिंह रावत, राहुल राजोरिया, हेमंत जोशी, चंद्रवीर चौधरी, राजेंद्र बाबा, अवनीश यादव, अखिलेश दुबे, कुलदीप चौरसिया, संजय तिवारी, संजय मिश्रा, कविता चौधरी, कविता करगेती, मंजू और काफी संख्या में वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि अचानक ही क्यों थम गया है शहर विधानसभा में दावेदारी का केसरिया शोर? क्या इंटरनल दावेदारी का चल रहा है दौर? क्यों दावेदारी की रेस में शामिल फेस आ गए हैं साइलेंट मोड पर? क्या स्टोरी में आने वाला है कोई रोचक मोड़?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बार की बोर्ड मीटिंग में होनी है मेंबरी जंग? क्या कोई भगवा मेंबर शिकायतों पर एक्शन नहीं होने से हो गया है तंग? क्या दूसरे भगवा मेंबर भी कर रहे हैं मोर्चा खोलने की तैयारी? किस भगवा मेंबर ने ही एडवांस में पोल खोल दी सारी? उसने कहा देखा था सबने एकता का जलवा बाइक वाली रैली में? बोर्ड मीटिंग में भी होनी है आपस मे ही जंग?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि केतली वाले चौधरी कर ले भले ही कितनी मीटिंग और कर ले वोटो का कैलकुलेशन? लिख कर ले लो नीला वोट भले ही हाथ पर चला जाए लेकिन वो नहीं जाएगा इनके साथ? वो जितना कमजोर हाथी को मान कर चल रहे हैं? इतनी भी धीमी नहीं हुई है अभी हाथी की चाल? आप देखना किस तरह से बदलता है यहां नीली बस्तियों में चुनावी माहौल?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि कैबिनेट वालो के अति प्रिय हरीश जी ने कर दिया बातो बातो में माहौल पूरा सेट? उन्होंने सभी को बता दी बात खास? कहा कि मंत्री जी का लिंक भेज रहा हूं? इसी पर मानी जायेगी आप की सदस्यता? कहने वाले ने कि ये होता है अंदाज ए वफादारी? बातो बातो में निभा दी अपनी वफादारी?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार का एक पूर्व पार्षद पति चाहता है कि आए कुछ कारोबार में गति? सुना है उसने कर ली निगम में ठेकेदारी की तैयारी? वो हो गया है टेक्निकल वाली ठेकेदारी करने को रेडी? सुना है उसने कर लिए हैं अपने सारे पेपर भी तैयार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा पार्षद और भगवा पूर्व मंडल अध्यक्ष में हो गई है बोलचाल भी बंद? दोनो जब एक साथ बैठे थे तो कस रहें थे एक दूसरे पर तंज? पार्षद ने रख दी बिना नाम लिए अपनी राय? कहा मैं नही करता हूं 10 रुपए के आदमी से कोई बात? जब ये बात पहुंची पूर्व वाले मंडल अध्यक्ष के कानो तक? उन्होंने भी तीर उठा कर चला कमानों से? सुना दिया फिर फसाना? कहा जिस की हैसियत ही 1 रुपए की हो? उस आदमी से भला क्या जुबान लड़ाना और उसे किस लिए मुंह लगाना?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा तरुण हो गए हैं क्या अंडर ग्राउंड? क्यों सुनाई नही दे रही अधिकारियों और पत्रकारों से नजदीकी दिखाने वाली उनकी साउन्ड? क्यों कहा कहने वाले ने कि वो अब सियासत से दूर होकर ले रहे हैं किसी थेरेपी का लाभ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के किस भगवा पार्षद ने निकाल ही दिया जुबान से अपने दिल का गुबार? भगवा जाट ने कहा हमसे बढ़िया तो है पार्टी विरोधी काम करने वाले के ठाठ? भगवा जाट मेंबर थे इस बात को लेकर परेशान? आखिर ये पार्टी के कर्णधार क्यों देते हैं इन बागियो पर इतना ध्यान? जो अलग जाकर हरा नही सके वो साथ आकर ही फूंक देंगे कौन सी नई जान?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के त्यागी मेंबर के दिल में रही है ये बात रड़क? उसने जब ठेकेदार से कुछ पूछा तो उसके बाद डेढ़ महीने लेट बननी शुरू हुई उसके वार्ड में सड़क? सुना है भगवा मेंबर ने ठेकेदार से पूछ लिया था कमीशन का रेट? मेंबर की बात सुनकर ठेकेदार हो गया था अपसेट? जब उसने नही दिया था कोई जवाब? तब मेंबर ने ठेकेदार को समझा दिया था हिसाब? कहा था 2 परसेंट तो ईमानदारी का चल रहा है सीन? तब किसी ने मेंबर को याद दिलाया कि किस दुनिया में हो मेंबर साहब? अब 5 की डिमांड है और 3 से नीचे का नही चल रहा है कोई सीन?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हैंडपंप वाले इस चुनाव में शहर में प्रचार करेंगे या अपने कोटे वाली सीट पर जायेंगे? हैंडपंप वाले ने ही लोकसभा चुनाव याद दिलाया? उसने कहा हमारे वालों ने तो डाल दिया था मोदीनगर में डेरा? इस बार भी यही तरीका अपनाया जाएगा? परमिशन लेकर दूसरे जिले में अपने उम्मीदवार को चुनाव लड़वाया जायेगा?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**